पूर्णिया बुधवार 12 नवंबर 2025 वर्ष 02, अंक 230

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी



# बिहार में बंपर वोटिंग, पहले चरण में 65 वोल्ट का झटका तो दूसरे चरण ने तोड़े सारे रिकॉर्ड !

## पहले चरण में 65.08, दूसरे चरण में 68.76% मतदान, बिहार ने रचा चुनावी इतिहास

**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 ने लोकतंत्र के उत्सव का नया कीर्तिमान स्थापित किया। दो चरणों में सम्पन्न इस चुनाव में मतदाताओं ने असाधारण उत्साह और जागरूकता का प्रदर्शन किया। पहले चरण में 65.08 प्रतिशत और दूसरे चरण में 68.76 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। कुल मिलाकर दोनों चरणों में औसत 66.90 प्रतिशत वोटिंग हुई, जो पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है। चुनाव आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस बात की



पुष्टि की कि मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रहा।

**मतदान के दौरान उत्सव और लोकतंत्र का जश्न** : चुनाव के दिन राज्यभर में मतदान केंद्रों पर उत्सव का माहौल देखा गया। महिलाएं साड़ी के आंचल में वोटर स्लिप संभाले कतारों में खड़ी रहीं, जबकि युवा और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं ने लोकतंत्र की ताकत का एहसास कराया। बुजुर्ग मतदाताओं ने कहा कि उन्होंने स्वतंत्रता का अनुभव किया और अब लोकतंत्र की असली कीमत समझ रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषक लव कुमार मिश्र के अनुसार, इतनी

### कसबा और नवादा में मतदाताओं की भिन्न भागीदारी

दूसरे चरण में सबसे अधिक मतदान कसबा विधानसभा क्षेत्र में हुआ, जहां 80.89 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान केंद्रों पर जाकर लोकतंत्र में हिस्सेदारी निभाई। वहीं, नवादा विधानसभा क्षेत्र में न्यूनतम 54.83 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अन्य जिलों में कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया में 75 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने भाग लिया। इस आंकड़े से यह स्पष्ट होता है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता और उत्साह में बढ़ोतरी हुई है।

बंपर वोटिंग यह संकेत है कि बिहार की जनता सक्रिय और चुस्त है।

**निर्वाचन व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि राज्य में कुल 3.7 करोड़ मतदाता 45,399 मतदान केंद्रों पर मतदान करने आए। सभी ईवीएम की जीपीएस ट्रैकिंग की गई और 100 प्रतिशत बूथों की लाइव वेबकास्टिंग की गई, जो देश में पहली बार हुआ। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। दूसरे चरण में 220 से अधिक शिकायतें मिलीं, जिन्हें तुरंत निपटाया गया। चुनाव के दौरान 127 करोड़ रुपये के अवैध सामान जब्त किए गए। एडीजी हेडक्वार्टर कुंदन कृष्णन ने कहा कि पिछले दो दशक से जिन बूथों पर चुनाव नहीं हुए थे, वहां भी इस बार मतदान हुआ और नक्सलवाद की कट्टर गतिविधियाँ समाप्त हुई हैं।

**उम्मीदवारों की संख्या और मतगणना की तैयारी** : इस चुनाव में 2,616 उम्मीदवार अपनी किस्मत ईवीएम में लॉक कर चुके हैं। मतगणना 14 नवम्बर 2025 को होगी, जिसमें यह स्पष्ट होगा कि कौन सा गठबंधन बिहार की सरकार बनाएगा। पिछली बार एनडीए ने 66 सीटें, महागठबंधन ने 49 सीटें, एआईएमआईएम ने 5, जबकि बसपा और एक निर्दलीय उम्मीदवार ने एक-एक सीट जीती थी। इस बार भी एनडीए और महागठबंधन सहित अन्य दलों की निगाहें मतगणना के परिणाम पर टिकी हैं।बिहार की जनता ने इस चुनाव में न केवल मतदान किया, बल्कि लोकतंत्र के प्रति अपनी जागरूकता और जिम्मेदारी का संदेश पूरे देश को दिया। यह चुनाव बिहार की राजनीतिक और सामाजिक चेतना की मिसाल बन गया, जो आने वाले समय में लोकतंत्र को और मजबूत करेगा।

### सारांश आंकड़े :

| |
|---|
| कुल मतदान: 66.90% |
| पहले चरण: 65.08% |
| दूसरे चरण: 68.76% |
| अधिकतम मतदान: कसबा (80.89%) |
| न्यूनतम मतदान: नवादा (54.83%) |
| कुल उम्मीदवार: 2,616 |
| मतदान केंद्र: 45,399 |
| मतदाता: लगभग 3.7 करोड़ |

## आचार्य कृपलानी स्मृति व्याख्यान-2025 : आपातकाल में कृपलानी जी की भूमिका

नई दिल्ली, (हि.स.)। दिल्ली में मंगलवार को आचार्य कृपलानी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा 'आचार्य कृपलानी स्मृति व्याख्यान-2025' का आयोजन किया गया। इस वर्ष व्याख्यान का विषय था "आपातकाल में आचार्य जेबी कृपलानी", जिसमें पूर्व सांसद केसी त्यागी ने कृपलानी के लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष और उनके सिद्धांतों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि कृपलानी ने सत्ता के सामने कभी झुकने से इनकार किया और लोकतंत्र की बहाली के लिए जेल भी गए। व्याख्यान की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय ने की, जिन्होंने आपातकाल के दौरान प्रेस की स्वतंत्रता और कृपलानी के योगदान को उजागर किया। समारोह में भजन प्रस्तुति और दीप प्रज्ज्वलन भी हुआ।

ट्रस्ट ने बताया कि कृपलानी का जीवन नैतिक राजनीति और सिद्धांतवादी नेतृत्व का प्रतीक रहा। शिक्षाविद, राजनेता, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में इस व्याख्यान में शामिल हुए। उनका साहस और लोकतंत्र के प्रति अटूट समर्पण आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है।

## सुरक्षा एजेंसियों को दिल्ली धमाके के प्रत्येक अपराधी की तलाश करने का निर्देश

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सुरक्षा एजेंसियों को दिल्ली धमाके के पीछे प्रत्येक अपराधी की तलाश करने का निर्देश दिया गया है।



गृहमंत्री शाह की अध्यक्षता में उनके आवास पर दिल्ली धमाके को लेकर एक उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक, दिल्ली पुलिस आयुक्त और एनआईए के महानिदेशक मौजूद थे, जबकि जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

गृहमंत्री शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "दिल्ली कार धमाके पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्हें इस घटना के पीछे के प्रत्येक दोषी की तलाश करने के निर्देश दिए। इस कृत्य में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को हमारी एजेंसियों की कड़ी सज़ा का सामना करना पड़ेगा।"

सूत्रों ने बताया कि बैठक में जांच की प्रारंभिक प्रगति और धमाके के संभावित आतंकी कोण पर विस्तृत चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि सोमवार शाम लगभग 6:52 बजे दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास ट्रैफिक सिग्नल पर खड़ी एक कार में शक्तिशाली विस्फोट हुआ, जिससे दस लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। धमाके में कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के साथ एकजुटता के लिए भूटान का जताया आभार

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

- **भूटान नरेश ने दिल्ली विस्फोट पीड़ितों के लिए की प्रार्थना।**

-------------------

- **मोदी ने कहा, भूटान की करुणा और एकता को कभी नहीं भूलेंगे**

-------------------



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूटान के चतुर्थ नरेश के 70वें जन्मदिन समारोह के दौरान भारत के प्रति दिखाई गई एकजुटता के लिए भूटान के लोगों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री की भूटान यात्रा के दौरान वहां के लोगों और शाही परिवार ने दिल्ली विस्फोट पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना जताई। भूटान नरेश ने स्टेडियम में हजारों लोगों के साथ मिलकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि भूटान की यह करुणा और एकता की भावना अविस्मरणीय है। उल्लेखनीय है कि सोमवार शाम दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट में 10 लोगों की मौत और 20 घायल हो गए थे।

## दिल्ली धमाका : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की

**पटना,** (हि.स.)। दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए धमाके में कई लोगों की मृत्यु की खबर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरा शोक व्यक्त किया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास धमाका अत्यंत दुःखद और व्यथित करने वाला है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि दिल्ली में हुए इस दर्दनाक हादसे में कई निर्दोष लोगों की जान जाना अत्यंत दुखद है। शोक संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को चिर शांति दें तथा शोक संतप्त परिवारों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

उन्होंने इस घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र और दिल्ली सरकार घटना की पूरी जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए धमाके में कई लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियां घटना के कारणों की जांच में जुटी हैं।

## तमिलनाडु में डीएमके सरकार आंकड़ों बाजीगरी कर अच्छी योजनाओं को आने से रोक रही है : निर्मला सीतारमण

**।कोयंबटूर,** (हि.स.)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कोयंबटूर में भाजपा की राज्य व जिला कार्यकारिणी बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और विस्तार की रणनीति पर पदाधिकारियों के साथ चर्चा की।

बैठक में उन्होंने डीएमके सरकार पर केंद्र के खिलाफ



झूठा प्रचार करने का आरोप लगाया। कहा कि डीएमके यह गलत दावा कर रही है कि केंद्र उनके हिस्से का पैसा उत्तर भारत को भेज देता है। उन्होंने कहा कि डीएमके आंकड़ों का खेल खेल रही है और राज्य की जनता को केंद्र की योजनाओं से वंचित कर रही है।

सीतारमण ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आगामी 2026 विधानसभा चुनाव में बदलाव लाने के लिए जुट जाएं। उन्होंने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में पारदर्शिता पर बल देते हुए कहा कि यदि सूची सही है तो चिंता की कोई बात नहीं।

## यूपी एटीएस ने आतंकी डा. आदिल के दो करीबियों को सहारनपुर से उठाया, लखनऊमें शाहीन के परिवार से की गयी पूछताछ

**लखनऊ/सहारनपुर,** (हि.स.)। दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट और फरीदाबाद से विस्फोटक बरामदगी के बाद यूपी एटीएस पूरी तरह सतर्क है। मंगलवार को एटीएस टीम ने लखनऊ में आतंकी डॉ. मुजम्मिल की गर्लफ्रेंड डॉ. शाहीन के घर पहुंचकर परिवार से कई घंटों तक पूछताछ की। शाहीन के पिता ने बताया कि वह डेढ़-दो साल से घर




नहीं आयी है। वहीं, एटीएस ने सहारनपुर में आतंकी डॉ. आदिल अहमद राठर के दो करीबी लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। डॉ. आदिल, जो अनंतनाग का निवासी है, सहारनपुर के एक निजी अस्पताल में कार्यरत था और श्रीनगर में जैश-ए-मोहम्मद के समर्थन में पोस्टर लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## फिरोजपुर में सीमा पार से हथियारों की तस्करी करने वाले नेटवर्क का पर्दाफाश

**- नेटवर्क के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, चार ग्लॉक पिस्तौल बरामद**

**डीगढ़,** (हि.स.)। फिरोज़पुर पुलिस ने सीमा पार से हथियारों की तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चार नौ एमएम ग्लॉक पिस्तौल, चार मैगज़ीन और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

**पुराना मामला भी सुलझा** : डीजीपी ने बताया कि विक्रमजीत की गिरफ्तारी से इसी नेटवर्क से जुड़ी ए के-47 असॉल्ट राइफल की बरामदगी का एक पुराना मामला भी सुलझ गया है। वहीं फिरोज़पुर के एसएसपी भूपिंदर सिंह सिद्धू ने बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस टीम ने बस्ती बूटा वाला क्षेत्र से दोनों को दो पिस्तौल सहित पकड़ा। बाद में उनकी निशानदेही पर दो और ग्लॉक पिस्तौल बरामद की गईं।



**पाकिस्तान से जुड़े संपर्कों का खुलासा** : पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फिरोज़पुर के गांव रुहेला हाजी निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरी और फाजिल्का के जलालाबाद निवासी विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि विक्रमजीत सिंह के पाकिस्तान स्थित हथियार तस्करों से सीधे संपर्क थे। वह पाकिस्तानी हैंडलरों के निर्देश पर स्थानीय स्तर पर हथियारों की सप्लाई करता था।

### बिहार में चुनाव के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा सील,बंगाल से मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने जाने वालों को हुई परेशानी



**अररिया,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा को 72 घंटे के लिए सील किए जाने से मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए नेपाल जाने वाले सैकड़ों मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पश्चिम बंगाल से आए मरीज और उनके परिजन सीमा पर ही सड़क किनारे खुले आसमान के नीचे डेरा डालकर बॉर्डर खुलने का इंतजार करते नजर आए। मरीजों ने आपातकालीन अनुमति के लिए एसएसबी और नेपाल के एपीएफ अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन शांतिपूर्ण मतदान को लेकर किसी को भी पारगमन की अनुमति नहीं दी गई। विनीता राय, सुमन घोष और महेंद्र कुमार जैसे मरीजों ने बताया कि उन्हें सीमा सील की जानकारी नहीं थी। नेपाल के विराटनगर और लहान स्थित नेत्रालयों में कम शुल्क पर आंखों का इलाज व ऑपरेशन होने के कारण भारत के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में मरीज वहां पहुंचते हैं।

# मगध से मौर्य तक... बिहार ने दुनिया को सिखाया शासन

## - बदलाव के मुहाने पर बिहार, चाणक्य की धरती पर नई राजनीति की पटकथा- इतिहास गवाह है, बिहार ने हमेशा बदलाव लिखा, इस बार परीक्षा नतीजों की है




**पटना,** (हि.स.)बिहार में जब भी सत्ता की हलचल होती है, इतिहास खुद-ब-खुद जीवंत हो उठता है। चुनावी अखाड़े में नारे बदल जाते हैं, चेहरे बदल जाते हैं,लेकिन बिहार की धरती में दर्ज संघर्ष, त्याग और गौरव की कहानी लोगों को हर बार याद दिलाती है कि यह वही धरती है, जहां से साम्राज्यों का निर्माण हुआ, क्रांतियां उठीं और देश की दिशा तय हुई।

वरिष्ठ पत्रकार लव कुमार मिश्र बताते हैं कि कभी इसी धरती के राजगृह और पाटलिपुत्र से शासन चलता था, जहां से सम्राट अशोक ने अहिंसा का संदेश दिया। राजनीति के शिखर से लेकर बौद्ध दर्शन के केंद्र तक बिहार ने भारत को न केवल ताकत दी, बल्कि सोच भी दी। आज जब राजनीति में फिर सुशासन और नए बिहार की बातें हो रही हैं, तो जनता पूछती है कि क्या हम अपने उस गौरव की ओर लौट पाए हैं?

### वादों से आगे जनता अब नतीजों की राजनीति चाहती है

राजनीतिक विश्लेषक राजेन्द्र तिवारी ने कहा कि मतदाताओं में जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन मॉडल और योजनाओं की चर्चा है, उससे यही जाहिर होता है कि बिहार की जनता अब केवल घोषणाओं पर भरोसा नहीं कर रही। वह वादों से हटकर परिणाम और धरातलीय बदलाव चाहती है। चम्पारण के किसान आंदोलन से लेकर आज के चुनावी माहौल तक, बिहार की जनता ने हमेशा संघर्ष और मेहनत का महत्व समझा है। इस बार भी संदेश स्पष्ट है कि इतिहास और नारे अब पर्याप्त नहीं, जनता परिणाम और ठोस विकास देखती है।

**चम्पारण की धरती से उठा आजादी का बिगुल**

वरिष्ठ पत्रकार लव कुमार मिश्र बताते हैं कि बिहार के इतिहास की सबसे बड़ी ताकत उसका जन-आंदोलन रहा है। 1917 का चम्पारण सत्याग्रह केवल किसानों का आंदोलन नहीं था, बल्कि एक नई राजनीति की शुरुआत थी। डॉ. राजेंद्र प्रसाद और जयप्रकाश नारायण ने इसी धरती से देश को नैतिक राजनीति का पाठ पढ़ाया। आज जब भ्रष्टाचार, जाति और सत्ता की राजनीति पर बहस हो रही है, तब बिहार की जनता फिर वही पुराना सवाल पूछ रही है कि क्या राजनीति फिर वैचारिक हो पाएगी?

**स्वतंत्रता के बाद का बिहार: गौरव और गिरावट का मिश्रण**

राजनीति के जानकार चंद्रमा तिवारी कहते हैं कि आजादी के बाद बिहार ने देश को पहला राष्ट्रपति दिया, लेकिन कुछ दशकों में वही राज्य पलायन, बाढ़ और पिछड़ेपन का प्रतीक बन गया। 1970 के दशक में जेपी आंदोलन से निकली आवाज ने इंदिरा गांधी की सत्ता हिला दी, पर उसी आंदोलन की संताने अब अलग-अलग खेमों में बंटी दिखाई देती हैं। हर चुनाव से पहले जनता सुनती है कि बदल जाएगा बिहार, लेकिन सवाल यह है कि कबतक इतिहास के नाम पर ही वोट मिलते रहेंगे?

**जनता का सवाल: क्या बिहार फिर अपने इतिहास जैसा बनेगा?** : बिहार की जनता जानती है कि उसका अतीत कितना महान रहा है, लेकिन वह यह भी देख रही है कि आधुनिक राजनीति में वही गौरव अब सिर्फ भाषणों में रह गया है। नालंदा की साख, चंपारण की स्मृति और जेपी की क्रांति के नाम पर वोट मांगे जा रहे हैं, लेकिन राज्य की जनता कह रही है, "हमें इतिहास नहीं, भविष्य चाहिए, लेकिन ऐसा भविष्य जो इतिहास की गरिमा से मेल खाता हो।"

**राजनीति की धरती पर इतिहास की गूंज** : हर दल बिहार को महापुरुषों की भूमि कहता है, लेकिन विकास की चर्चा वहीं ठहर जाती है, जहां से चुनावी घोषणाएं शुरू होती हैं। इतिहास गवाही देता है कि इस मिट्टी ने जब भी चाहा, दिशा बदली है। मगध के सम्राट से लेकर जेपी तक और अब लोकतंत्र के नए युग में बिहार हमेशा परिवर्तन का केंद्र रहा है। अब देखना यह है कि 2025 का यह चुनाव उस गौरवशाली इतिहास की नई कड़ी बनेगा या सिर्फ उसकी गूंज में एक और राजनीतिक शोर।

**झारखंड विभाजन और नई राजनीति का दौर** : प्रो. राकेश तिवारी याद दिलाते हैं कि साल 2000 में जब झारखंड अलग हुआ, तब बिहार के पास न उद्योग बचा, न पहाड़, न खनिज। राज्य को नई पहचान देनी थी। 2005 के बाद शासन और विकास की बातें हुईं, सड़कों और शिक्षा के नए मॉडल बने, लेकिन 2025 के चुनाव के पहले एक बार फिर वही मुद्दे लौट आए हैं, बेरोजगारी, पलायन, शिक्षा, स्वास्थ्य और जाति समीकरण।

**गुप्तकाल से ज्ञानकाल तक शिक्षा का पर्याय रहा बिहार**

आर्यभट्ट, चाणक्य और वात्स्यायन जैसी प्रतिभाएं इसी मिट्टी से निकलीं। जब यूरोप अंधकार युग में था, तब बिहार के नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालयों में ज्ञान की दीपशिखा जल रही थी। आज वही बिहार शिक्षा के संकट से जूझ रहा है। बेरोजगारी और पलायन के बीच यह सवाल सियासी मंचों पर गूंज रहा है कि जिस राज्य ने दुनिया को ज्ञान दिया, वह खुद आज डिग्री के लिए भटक क्यों रहा है?

## सासाराम में शांतिपूर्ण मतदान, पिछले चुनाव से 7% अधिक हुआ हिस्सा



**सासाराम,** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का मतदान सासाराम जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मंगलवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में कुल 2,692 मतदान केंद्रों पर 22,17,137 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस बार मतदान पिछले चुनाव की तुलना में लगभग 7 प्रतिशत अधिक रहा। जिला प्रशासन ने मतदान के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ जिला मुख्यालय स्थित डीआरडीए भवन में एक कंट्रोल रूम संचालित किया, जहां से सभी विधानसभा क्षेत्रों की रियल टाइम मॉनिटरिंग की गई। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग, महिला और 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए ग्रीन चैनल बनाए गए, जिससे उन्हें सुविधा प्राप्त हो सके। युवाओं और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह देखा गया। कई मतदाताओं ने अपनी सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर भी साझा की। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में वोट बहिष्कार के मामले सामने आए। चेनारी विधानसभा क्षेत्र के रोझईं और कोनकी गांव तथा करगहर के लडुईं बिसुनपुरा में ग्रामीणों ने पंचायत और विद्यालय संबंधी मुद्दों को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। इसके अलावा, विभिन्न केंद्रों पर ईवीएम खराब होने के कारण कुछ घंटों के लिए मतदान प्रभावित हुआ। प्रशासन ने कुल 27 बीयू, 19 सीयू और 30 वीवीपैट बदलने की कार्रवाई की। मतदान के दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम उदिता सिंह और पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदाताओं के लिए बिजली, पानी, रैंप, छाया और व्हीलचेयर जैसी सभी सुविधाओं का जायजा लिया। नियंत्रण कक्ष से सभी बूथों की वेबकास्टिंग और लाइव फीड की मॉनिटरिंग निरंतर जारी रही। डीएम उदिता सिंह ने बताया कि शाम 5 बजे तक जिले में लगभग 61% मतदान दर्ज हुआ और मतदान शांतिपूर्ण रहा। मतदान समाप्ति के बाद ईवीएम संग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 14 नवंबर को मतगणना के दिन सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुंचे जदयू कार्यालय, चुनाव निगरानी प्रणाली का किया निरीक्षण




**पटना,** (हि.स.) बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के दूसरे चरण के मतदान के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को अचानक जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वॉर रूम पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी की ओर से चल रही चुनाव निगरानी प्रणाली का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने जदयू कार्यालय का दौरा करते हुए एक-एक विभाग और चैंबर का स्वयं मुआयना किया। मुख्यमंत्री के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद रहे।

मीडिया से बातचीत में विजय चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद स्थिति का जायजा लेने पहुंचे हैं। जो रुझान मिल रहे हैं और कार्यकर्ताओं से जो सूचना आ रही है, वह बेहद उत्साहजनक है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पक्ष में हर क्षेत्र में जबरदस्त मतदान हो रहा है। पहले चरण की तरह इस बार भी खासकर महिलाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

पत्रकारों से बातचीत में विजय चौधरी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि तेजस्वी यादव कह रहे हैं कि वे 18 तारीख को शपथ लेंगे और 14 को परिणाम महागठबंधन के पक्ष में आएंगे। शपथ लेने से किसी को कोई नहीं रोक सकता, लेकिन बिहार के राज्यपाल शपथ नीतीश कुमार को ही दिलाएंगे।

विजय चौधरी ने कांग्रेस के एक ट्वीट पर भी प्रतिक्रिया दी। जदयू उम्मीदवार की अनुपस्थिति में राजद को वोट देने की कांग्रेस की अपील के बारे में चौधरी ने कहा, "कांग्रेस का यह बयान मानसिक रूप से दिवालिया और हास्यास्पद है। जिस पार्टी की अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं है, वह जदयू पर टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं है।"

नीतीश कुमार के जदयू कार्यालय पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल था। पार्टी सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने हर विधानसभा क्षेत्र से मतदान के रुझानों की लाइव रिपोर्ट ली और आगे की रणनीति पर चर्चा की।

# 2025 से 2030 फिर से नीतीश... एग्जिट पोल्स में एनडीए का जादू, महागठबंधन पस्त



**पटना,** (हि.स.)बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे और अंतिम चरण का मतदान समाप्त हो गया है। मतदान समाप्ति के बाद जारी हुए एग्जिट पोल के नतीजे साफ संकेत दे रहे हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुआई में एनडीए की सरकार दोबारा सत्ता में लौट सकती है। हालांकि असली नतीजे 14 नवंबर को मतगणना के बाद ही स्पष्ट होंगे। विभिन्न टीवी चैनलों द्वारा प्रकाशित आठ अलग-अलग एग्जिट पोल में एनडीए को स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करते हुए दिखाया गया है। इन अनुमानों के मुताबिक एनडीए को 130 से 167 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं कांग्रेस और राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन को सबसे अच्छे प्रदर्शन के बावजूद 70 से 108 सीटों पर जीत मिलने की संभावना जताई गई है। चुनाव में प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को शून्य से 5 सीटें मिलने का अनुमान है। इस बार बिहार चुनाव में रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया। पहले चरण में 121 सीटों पर 65.08 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे, जबकि दूसरे चरण में 122 सीटों पर 68.76 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल मिलाकर दोनों चरणों में इस चुनाव में वोटिंग का नया रिकार्ड बना। चुनाव में कई चर्चित नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी रही। तेजस्वी प्रसाद यादव राघोपुर, तेज प्रताप यादव महुआ, खेसारी लाल यादव छपरा, अनंत कुमार सिंह मोकामा, मैथिली ठाकुर अलीनगर, मनीष कश्यप चनपटिया और कई अन्य नेता अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों से चुनावी मुकाबले में थे। इसके अलावा कई मंत्री भी अपने राजनीतिक भविष्य की परीक्षा दे रहे थे, जिनमें सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, मंगल पांडेय, नितिन नवीन, जीवेश मिश्रा, संजय सरावगी और अन्य शामिल हैं। मतदाता पहले ही अपने निर्णय में स्पष्ट हो चुके हैं। 14 नवंबर को मतगणना के बाद ही ये साफ होगा कि बिहार की राजनीतिक दिशा किस ओर जा रही है। इस चुनाव में रिकॉर्ड मतदान और एग्जिट पोल के नतीजों ने स्पष्ट किया कि जनता ने अपने मत से भविष्य की सरकार चुनने में उत्साह और सक्रिय भागीदारी दिखाई है।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता शहनवाज हुसैन ने किया मतदान, दिल्ली ब्लास्ट पर कहा-जो लोग इसमें शामिल है वो बख्शे नहीं जाएंगे



**पटना,** (हि.स.)बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 122 सीटों पर मतदान जारी है। सुपौल में भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने अपनी पत्नी संग वोट डाला। उन्होंने दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट को दुखद बताते हुए कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, पुलिस व एजेंसियां जांच में जुटी हैं। वहीं, पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने मतदान के बाद आरोप लगाया कि कई बूथों पर लाठीचार्ज और ईवीएम खराबी की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सीमांचल और कोसी का समर्थन तय करता है कि सरकार किसकी बनेगी। उधर, मोतिहारी के हरसिद्धि से भाजपा उम्मीदवार व मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने मतदान के बाद विश्वास जताया कि वे 50,000 मतों से जीत हासिल करेंगे और एनडीए फिर से भारी बहुमत से सरकार बनाएगा।

## बिहार चुनाव में रिकॉर्डतोड़ मतदान, नीतीश कुमार के प्रति अपार जनविश्वास का प्रतीक : उमेश सिंह कुशवाहा



**पटना,** (हि.स.) बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में हुई बंपर वोटिंग पर जद (यू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बिहारवासियों को बधाई दी और आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि भारी संख्या में मताधिकार का प्रयोग कर प्रदेश की जनता ने लोकतंत्र के प्रति अपनी गहरी आस्था, सजगता और जिम्मेदारी का परिचय दिया है।

उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह रिकॉर्डतोड़ मतदान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति जनता के अपार विश्वास और अटूट समर्थन का जीवंत प्रमाण है। बीते बीस वर्षों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय के मार्ग पर आगे बढ़ाया है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, महिला सशक्तिकरण और गरीब कल्याण के क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक कार्यों ने आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। यही कारण है कि आज बिहार का हर वर्ग और हर क्षेत्र की जनता पुनः नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए सरकार की वापसी के लिए एकजुट होकर मतदान कर रही है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास और सुशासन के पक्ष में एकजुट होकर मतदान कर यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अब राज्य पीछे मुड़कर देखने वाला नहीं है। 14 नवंबर को बिहार की जनता अपने मत से सुशासन, प्रगति और विश्वास की नई कहानी लिखने जा रही है। जनता का यह अभूतपूर्व जनसमर्थन आने वाले दिनों में बिहार के विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा।

# बिहार विधान सभा चुनाव : पूर्णिया के अब तक के इतिहास में सर्वाधिक मतदान : मतदाताओं के उत्साह ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

## डीएम ने कहा – पूर्णिया के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक मतदान, एसपी ने बताया – मतदान पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया जिले ने इस बार इतिहास रच दिया है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण में मंगलवार को जिले में रिकॉर्ड 75.83प्रतिशत मतदान हुआ। यह अब तक का सर्वाधिक मतदान प्रतिशत है, जिसने प्रशासन, निर्वाचन आयोग और राजनीतिक विश्लेषकों—सभी को उत्साहित कर दिया है। जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने बताया कि "यह बढ़ा हुआ मतदान प्रतिशत आम नागरिकों में मतदान के प्रति बढ़ती जनजागरूकता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रमों के तहत उन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाए गए, जहाँ

शांतिपूर्ण माहौल में 75.83 प्रतिशत मतदान, पिंक बूथों और मॉडल केंद्रों ने किया आकर्षित



पिछले चुनावों में मतदान प्रतिशत कम रहा था।" डीएम ने कहा कि जिलेभर में चलाए गए मतदाता जागरूकता अभियान, मॉडल बूथों, पिंक बूथों और अन्य सुविधाओं ने मतदाताओं को आकर्षित किया। "बच्चों के खेलने, महिलाओं के विश्राम और जलपान की व्यवस्था ने मतदान केंद्रों को उत्सव स्थल का रूप दिया," उन्होंने कहा।

**सुरक्षा व्यवस्था रही अभेद्य : सीएपीएफ और पुलिस बल ने किया शानदार समन्वय**

जिले में मतदान को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए 77 सीएपीएफ कंपनियाँ, 40 जोनल टीम, 11 सुपर जोनल टीम और 29 क्यूआरटी (क्विक रिएक्शन टीम) तैनात की गई थीं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुबह पाँच बजे से ही सुरक्षा बल बूथों और ईवीएम के सुरक्षित परिवहन में जुटे रहे। जिले के सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस और अर्धसैनिक बलों की उपस्थिति से माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। किसी भी बूथ से किसी प्रकार की अप्रिय घटना या गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली।

**मतदान प्रक्रिया में दिखा अनुशासन और उत्साह**

निर्वाचन आयोग के निर्धारित समयानुसार सुबह सात बजे मतदान प्रारंभ हुआ। शुरुआत से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। जैसे-जैसे दिन चढ़ा, मतदान प्रतिशत लगातार बढ़ता गया। शाम छह बजे के बाद भी कई मतदान केंद्रों पर मतदाता मौजूद रहे, जो समय से पूर्व केंद्रों के अंदर पहुँच चुके थे, उन्हें देर शाम तक मतदान करने की अनुमति दी गई। शहर के कला भवन, पूर्णिया कॉलेज और अन्य पिंक बूथों पर सजावट, पेयजल, शीतल पेय और विश्राम की सुविधा ने मतदाताओं को आकर्षित किया।

**प्रशासन ने दिखाया समन्वय, शांतिपूर्ण मतदान की प्रशंसा**

डीएम अंशुल कुमार ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर निगरानी रखी गई थी। कुल 2553 मतदान केंद्रों पर 20 लाख 93 हजार से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले में 492 संवेदनशील और 23 अति संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखी गई थी !

**पूर्णिया जिले के विधानसभा क्षेत्रवार मतदान प्रतिशत**

1- अमौर (56)73.13 %
2-बायसी (57)77.30 %
3-कसबा (58)80.89 %
4-बनमनखी (59)69.61 %
5-रुपौली (60)74.70 %
6-धमदाहा (61)75.88 %
7-पूर्णिया (62)79.52 %

**जिला औसत**
**पूर्णिया जिला (कुल)**
75.83 %

**मतदान में महिलाओं की बढ़ी भागीदारी**

महिलाओं ने भी इस बार बढ़-चढ़कर मतदान किया। विशेषकर पिंक बूथों पर महिला मतदाताओं की लंबी कतारें रहीं। स्वीप अभियान के तहत "पहले मतदान, फिर जलपान" जैसे नारों ने ग्रामीण इलाकों में जबरदस्त असर डाला।

**जिला प्रशासन ने दी बधाई**

शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन और मतदाताओं को बधाई दी, जिलेभर में शांति, अनुशासन और जागरूकता का ऐसा सामंजस्य शायद पहली बार देखने को मिला। मतदान प्रतिशत में हुई ऐतिहासिक वृद्धि न सिर्फ प्रशासनिक सफलता का प्रमाण है, बल्कि यह दर्शाता है कि अब पूर्णिया का मतदाता अपने अधिकार को लेकर पूरी तरह सजग है।

## विधानसभा चुनाव : पुलिस अधीक्षक ने किया बूथों का निरीक्षण, शांतिपूर्ण मतदान कों लेकर सख्त निर्देश



मतदान केंद्र पर मतदाता से संवाद करती पुलिस अधीक्षक पूर्णिया

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

मंगलवार को जारी मतदान प्रक्रिया कों हो स्वच्छ, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक पूर्णिया स्वीटी सेहरावत ने विशेष रूप से जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, मतदान सामग्री की उपलब्धता, बूथ स्टाफ की तत्परता और मतदाताओं की सुगम आवाजाही की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने मतदाताओं से संवाद किया और उनसे उनकी सुविधाओं और मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी ली , इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो, इसके लिए सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रहे हैं।

इसके अलावा, पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष और अन्य पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि वे मतदान केंद्रों के आसपास किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखें और मतदाता भयमुक्त होकर अपने मत का प्रयोग कर सकें।

पुलिस अधीक्षक के निरीक्षण से मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था और व्यवस्थापकों की तत्परता का सीधा असर देखा गया। इस दौरान बूथ पर मौजूद मतदाताओं ने प्रशासन की इस सक्रियता की सराहना की और कहा कि इस तरह की तैयारियों से चुनाव में सभी को भरोसा मिलता है।

## पूर्णिया में विधानसभा चुनाव : मतदान प्रक्रिया की सभी गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर,

### पूर्णिया सिविल सोसाइटी ने घर-घर संपर्क व रैलियों से बढ़ाई मतदान की चेतना

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन कों शांति पूर्ण रूप से स्वक्ष और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने कों लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी पूर्णिया द्वारा हर एक अवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए माकूल इंतजाम किये गये थे ! मंगलवार कों जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने कों लेकर जिला प्रशासन के द्वारा जबरदस्त सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित किया गया था ! जिले में चुनाव









प्रक्रिया की निगरानी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार स्वयं कर रहे थे । जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा समाहरणालय स्थित महानंदा सभागार में स्थापित जिला नियंत्रण कक्ष से पूरे जिले के मतदान गतिविधियों का निरंतर अनुश्रवण किया जा रहा था । मंगलवार कों चुनाव की प्रक्रिया के अंतिम समय तक यहाँ से प्रत्येक बूथ पर हो रहे मतदान, पुलिस और प्रशासनिक तैनाती, मतदाता शिकायतें, और आपात स्थिति की जानकारी तुरंत प्राप्त होती रही । किसी भी असामान्य घटना या शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए नियंत्रण कक्ष में टीमों का कार्यरत रहना मतदान को निर्बाध और सुरक्षित बनाने में अहम भूमिका निभा रहे थे । निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान प्रक्रिया के दौरान प्राप्त किसी भी शिकायत का निराकरण त्वरित रूप से करने का निर्देश जारी किया ठा जिसका अनुपालन त्वरित रूप से किया जा रहा था। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया था, कि वे सभी गतिविधियों पर सख्ती से नजर रखें और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकें। इस दौरान प्रशासनिक अमला सक्रिय रहा ! वही निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता के लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखा था । पुलिस और अन्य प्रशासनिक विभागों के अधिकारी बूथों पर सतर्कता के साथ तैनात थे । जिला सूचना विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिला नियंत्रण कक्ष के माध्यम से चुनाव आयोग को नियमित स्थिति रिपोर्ट भेजी जा रही थी ।



डीएम पूर्णिया अंशुल कुमार ने किया मतदान

## मैंने भी किया मतदान ,मतदान केंद्रों पर मतदाता





पूर्णिया सदर विधायकसह भाजपा प्रत्याशी विजय खेमक ने किया मतदान



भाजपा नेता भोला साह एव उप महापौर पल्लवी गुप्ता ने किया मतदान



मतदान करने के बाद बूथ के बाहर समर्थकों के साथ भाजपा नेता अजीत भगत



ह्वीलचेयर से बुजुर्ग मतदाता को बूथ तक ले जाते पुलिस के जवान ,

## मैंने भी किया मतदान ,मतदान केंद्रों पर मतदाता



मतदान केंद्र पर जन सुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने किया मतदान



पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा राजद प्रत्याशी ने परिवार के साथ किया मतदान



किडजी जॉनी किड्स के निदेशक त्रिदीप कुमार ने किया मतदान

### पूर्णिया में लोकतंत्र का उत्सव, बंद रहीं बाजारें और सूनी रहीं सड़कें

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत मंगलवार को पूर्णिया जिले में मतदान ऐतिहासिक रूप से शांतिपूर्ण और उत्सवपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें मतदान केंद्रों पर दिखाई दीं। युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर उत्साहित नजर आए। पूरे दिन शहर का नजारा बिल्कुल अलग था — बाजारें पूरी तरह बंद रहीं, सड़कें सूनी पड़ी थीं और लोग मतदान केंद्रों की ओर जाते दिखाई दे रहे थे। व्यापारियों और आम नागरिकों ने मतदान को लोकतंत्र का पर्व मानते हुए दुकानें बंद रखीं और मतदान में सक्रिय भागीदारी की। मतदान के बाद लोगों ने एक-दूसरे को लोकतंत्र के इस महापर्व की बधाई दी और खुशी जाहिर की। शांतिपूर्ण और अनुशासित मतदान प्रक्रिया के साथ पूर्णिया ने एक नया रिकॉर्ड कायम किया, जो जिले के इतिहास में यादगार बन गया।

## कांग्रेस प्रत्याशी एवं महापौर ने किया मतदान, कहा नव निर्माण का संकल्प पूरा होगा

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र संख्या 62 से महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जितेंद्र यादव और उनकी धर्म पत्नी सह पूर्णिया की महापौर विभा कुमारी ने प्रखंड कार्यालय स्थित मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला।

मतदान के बाद कांग्रेस प्रत्याशी जितेंद्र यादव ने कहा कि विधानसभा वासियों ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया हैं, यह मतदाताओं में जागरूकता कों दर्शाता हैं ! उन्होंने महागठबंधन के पक्ष



में मतदान का दावा किया। मंगलवार कों उन्होंने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदाताओं से संवाद भी किया।

महापौर विभा कुमारी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि "आपका एक-एक मत विकास, विश्वास और बदलाव की दिशा तय करेगा और एक सशक्त, स्वच्छ व उज्ज्वल पूर्णिया के निर्माण में अपना योगदान देगा।"

# VVPAT की वीडियो बनाते युवक समेत तीन गिरफ्तार, एक नाबालिग फर्जी मतदान के प्रयास में निरुद्ध — मोबाइल जब्त, पुलिस ने मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की

## फर्जी मतदान करने का प्रयास : पूर्णिया में तीन युवक मतदान केंद्र से गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

-------------------------------



बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दौरान पूर्णिया जिले में फर्जी मतदान करने के प्रयास में तीन युवकों को पुलिस ने मतदान केंद्र से गिरफ्तार किया है। घटना सोमवार दोपहर लगभग 3:30 बजे जानकीनगर थाना क्षेत्र के एक मतदान केंद्र की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार व्यक्तियों में रुजान आलम (25 वर्ष), अरशद (28 वर्ष) और आविब आलम (22 वर्ष) शामिल हैं। ये तीनों मतदाता अपने पहचान पत्रों के साथ दूसरे मतदान केंद्र पर फर्जी मतदान करने के प्रयास में पकड़े गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तीनों को हिरासत में लिया और बरामद पहचान पत्रों को जब्त कर विधि-सम्मत जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, यह कृत्य भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों और आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। पूर्णिया पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपितों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन पूरी तरह तत्पर रहा असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी गयी थी!



## पुलिस की पैनी निगाहें: मतदान केन्द्र पर VVPAT की वीडियो बनाते युवक को पकड़ा गया

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

-------------------------------

जिले के सरसी थाना क्षेत्र के एक मतदान केन्द्र पर आज दोपहर लगभग 2:15 बजे चुनावी संवेदनशीलता भंग करते हुए VVPAT की वीडियो बनाते हुए एक युवक को पूर्णिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए की पहचान राम नन्दन यादव (26) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर उसे सुरक्षा घेरे में लेकर उसके मोबाइल की जांच की गई, जिसमें VVPAT का ताज़ा वीडियो पाया गया। युवक के मोबाइल को विधिवत जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने कहा कि युवक के विरुद्ध भारतीय चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित नियमों और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में औपचारिक कांड दर्ज कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## फर्जी मतदान के प्रयास में एक नाबालिग किया गया निरुद्ध

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

-------------------------------

विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दौरान पूर्णिया जिले में फर्जी मतदान का प्रयास करते हुए एक विधि-विरुद्ध बालक को सुरक्षा बलों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। यह घटना सोमवार दोपहर करीब 3:15 बजे भवानीपुर थाना क्षेत्र के एक मतदान केंद्र की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुनीर आलम नामक नाबालिग बालक आधार कार्ड और मतदान पहचान पत्र के साथ फर्जी मतदान करने का प्रयास कर रहा था। मौके पर मौजूद सुरक्षा बलों ने संदेह होने पर उसकी जांच की और तुरंत उसे हिरासत में ले लिया। तत्पश्चात आधार कार्ड एवं मतदान पहचान पत्र जब्त कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई। पुलिस के अनुसार, उक्त बालक का यह कृत्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। इसलिए उसके विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## मैंने भी किया मतदान ,मतदान केंद्रों पर मतदाता



मतदान के बाद मंत्री लेशी सिंह मतदान केंद्र के बाहर परिजनों के साथ





बाद लोकतंत्र का उत्सव मानते सपरिवार ,टोयोटा के मार्केटिंग मैनेजर रवि रंजन

## कसबा विधानसभा क्षेत्र के गढ़बनैली में दिखा लोकतंत्र का उत्सव, 106 वर्षीय मतदाता ने भी निभाया मतदान दायित्व

**न्यूज़ स्केल कसबा**

---------------------





विधानसभा चुनाव के दौरान गढ़बनैली उच्च माध्यमिक विद्यालय में मतदान को लेकर सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। मतदान कों लेकर बूथोंनपर मतदाताओं में खास उत्साह देखा गया। इस दौरान 106 वर्षीय राधानगर निवासी बुजुर्ग महिला ने अपने बेटे और बहू के साथ बूथ तक पहुंचकर मतदान किया, जिससे उपस्थित लोग प्रेरित हुए। विहार विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक एवं अंचलाधिकारी रीता कुमारी ने गढ़बनैली के आदर्श बूथ का निरीक्षण कर मतदान व्यवस्था की समीक्षा की। वहीं कसबा कोशी कॉलोनी में भी महिला और पुरुष मतदाता लंबी कतारों में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते दिखे। पहली बार मतदान करने वाले राधानगर गुमटी दुर्गापुर के लक्ष्यराज और नेहा कुमारी ने कहा कि उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग कर गर्व और जिम्मेदारी दोनों का अनुभव हुआ। क्षेत्रभर में शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में मतदान जारी रहा।



मतदान केंद्र पर महिला ,मतदाताओं की दिखी जबरदस्त उपस्थिति



बुजुर्ग दंपति ने परिजनों के साथ खराब स्वस्थ के बाउजूद किया मतदान

## मैंने भी किया मतदान ,मतदान केंद्रों पर मतदाता



मतदान के बाद मतदान केंद्र के बाहर सांसद पप्पू यादव समर्थकों के साथ



मतदान के बाद मतदान केंद्र के बाहर भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष



## सुबह से शाम तक कतारों में दिखा लोकतंत्र का उत्साह, युवा-बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर किया मतदान

**न्यूज़ स्केल हरदा**

---------------------



विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण मे मंगलवार को धमदाहा और पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में मतदाताओं ने सुबह से ही मतदान केंद्रों पर पहुंचकर लोकतंत्र के इस पर्व में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कृत्यानंद नगर प्रखंड के दक्षिणी भाग — गोआसी, रहुआ, सतकोदरिया, गंगेली, मजरा और सहरा पंचायतों के लगभग सभी मतदान केंद्रों पर सुबह से शाम तक मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। वहीं पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र के हरदा, कबैया, लालगंज, नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 8, 9, 10, मरंगा, सत्संग विहार, गुड मिल्की, मिल्की, उफरैल और शिव नगर स्थित मतदान केंद्रों पर भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही।

इस बार मतदान में युवा मतदाताओं के साथ-साथ बुजुर्गों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर पहली बार वोट डालने वाले युवाओं ने अपने अनुभव को लोकतंत्र के "पहले कदम" के रूप में साझा किया, वहीं बुजुर्गों ने मतदान को अपना कर्तव्य बताते हुए दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन सतर्क नजर आया। सभी बूथों पर अर्द्धसैनिक बल की तैनाती की गई थी। कृत्यानंद नगर प्रखंड के अंचलाधिकारी दिवाकर कुमार और मरंगा थानाध्यक्ष रूपक रंजन सिंह स्वयं विभिन्न बूथों का निरीक्षण करते नजर आए। उनके द्वारा की गई सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को स्थानीय लोगों ने सराहनीय बताया।



व्हीलचेयर के सहारे मतदान केंद्र जाती बुजुर्ग मतदाता



युवा कांग्रेस नेता दिवाकर सिंह यादव ने किया मतदान

## महिलाओं में दिखा मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह, पुरुषों से ज्यादा किया मतदान

**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

---------------------



बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दूसरे चरण में मंगलवार को धमदाहा विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतदान केंद्रों पर सुबह से ही महिलाओं और युवतियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। लोकतंत्र के इस पर्व में महिलाओं की भागीदारी ने एक नया रिकॉर्ड कायम किया।

सुबह मतदान प्रारंभ होते ही महिलाएं अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्रों पर पहुंचीं और पुरुषों की तुलना में अधिक मतदान किया। युवतियों में भी मतदान को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिला। कई महिलाओं ने कहा कि उन्होंने अपने दैनिक कार्यों से पहले मतदान को प्राथमिकता दी है। मतदान केंद्रों के बाहर लगी लंबी पंक्तियां लोकतंत्र के प्रति महिलाओं की जागरूकता और जिम्मेदारी का प्रमाण बन गईं।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। हर मतदान केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए धमदाहा एसडीपीओ संदीप गोल्डी स्वयं पूरे क्षेत्र का दौरा करते रहे। वे धमदाहा थाना पुलिस व उड़नदस्ता टीम के साथ लगातार सभी केंद्रों का निरीक्षण कर रहे थे।

उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मतदान कर्मियों से आवश्यक जानकारी ली। दिनभर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न होने से प्रशासन और मतदाता दोनों संतुष्ट दिखे। महिलाओं की इस सक्रिय भागीदारी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि लोकतंत्र की असली ताकत जनभागीदारी में ही निहित है, और इस बार महिलाओं ने उस भागीदारी को नई ऊंचाई तक पहुंचा दिया।



# बन गया इतिहास : पूर्णिया में रिकॉर्ड 75.83 प्रतिशत मतदान, विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हुआ संपन्न

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत पूर्णिया जिले में सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। इस बार जिले ने मतदान के इतिहास में नया कीर्तिमान रचते हुए रिकॉर्ड 75.83 प्रतिशत मतदान दर्ज किया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार (भा.प्र.से.) ने मतदान समाप्ति के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पूर्णिया जिले के सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों में अब तक का सबसे अधिक मतदान हुआ है। उन्होंने कहा कि "यह सफलता जिलेभर में



चलाए गए स्वीप कार्यक्रमों और मतदाता जागरूकता अभियानों का परिणाम है। मतदान केंद्रों पर बेहतर व्यवस्था, सुगम मतदान प्रक्रिया और प्रशासनिक पारदर्शिता ने इस बार लोगों को बड़ी संख्या में मतदान केंद्र तक पहुंचाया।"

डीएम ने बताया कि कुछ बूथों पर अभी भी मतदाता कतार में खड़े हैं, जिससे मतदान प्रतिशत में और वृद्धि की संभावना है। उन्होंने कहा कि जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना या मतदान बहिष्कार की सूचना नहीं मिली है, मतदान पूर्णतः शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रहा।

वहीं, पुलिस अधीक्षक सुश्री स्वीटी सेहरावत ने बताया कि मतदान के दौरान जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सभी बूथों पर सीआरपीएफ, जिला पुलिस बल के जवानों व अधिकारियों की सतत निगरानी रही। उन्होंने कहा कि मतदान शांतिपूर्ण रहा, केवल फर्जी मतदान के आरोप में जानकी नगर पुलिस ने तीन व्यक्तियों को और भवानीपुर पुलिस ने एक नाबालिग को हिरासत में लिया है। सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

एसपी ने स्पष्ट किया कि जिले के किसी भी क्षेत्र से हिंसा या गड़बड़ी की कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

प्रशासन की तत्परता और मतदाताओं की सजगता के कारण पूर्णिया में चुनाव प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हुई।पूर्णिया जिले का यह रिकॉर्ड मतदान आंकड़ा निर्वाचन आयोग के लिए एक सकारात्मक संकेत है, जिसने जिले को मतदाता जागरूकता की मिसाल के रूप में स्थापित कर दिया है।

## विधानसभा चुनाव :प्रमंडलीय आयुक्त ने किया मॉडल व पिंक बूथों का निरीक्षण

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत मंगलवार को पूर्णिया प्रमंडल आयुक्त राजेश कुमार ने नगर निगम क्षेत्र स्थित मॉडल बूथ कला भवन और पूर्णिया कॉलेज के पिंक बूथ का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि सभी बूथों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए पेयजल, रैंप, शौचालय और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विशेष रूप से पिंक बूथों पर महिला मतदाताओं के लिए अतिरिक्त प्रबंध किए गए हैं, ताकि उन्हें निर्बाध और सहज मतदान का अनुभव मिल सके। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मतदाताओं से अपील की कि वे लोकतंत्र के इस पर्व में निर्भीक होकर भाग लें और अपने मत का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्था के लिए हर संभव कदम उठाया है, ताकि मतदान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मियों ने भी सहयोग किया और सुनिश्चित किया कि सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध हों।

## पूर्णिया सदर विधानसभा : कला भवन के मॉडल बूथ पर दिखा मतदानकाअनोखाउत्सव, कलाऔरसंस्कृतिकेरंगनेमनमोहा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

मंगलवार को पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र के कलाभवन बूथ संख्या 39 में मतदान न केवल शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ, बल्कि इसे लोकतंत्र का असली उत्सव बना दिया गया। इस मॉडल बूथ पर मतदाता केवल वोट डालने नहीं आए, बल्कि कलाकृतियों, फूलों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच एक अनोखा अनुभव लेने भी पहुंचे।

मुख्य सड़क से लेकर बूथ तक दोनों ओर रंग-बिरंगे कपड़े, झालर और पताके लगे हुए थे। मुख्य द्वार पर आकर्षक रंगोली और बूथ तक पहुंचते-पहुंचते





फूलों और कलाकृतियों से सुसज्जित पथ ने मतदाताओं का स्वागत किया।

भव्य पंडाल में लगभग 100 लोगों के बैठने की सुविधा थी, जबकि किलकारी के कलाकारों ने आदिवासी जनजातीय संस्कृति को पेंटिंग और कट-आउट्स के माध्यम से प्रदर्शित किया। इसके अलावा, भारतीय संस्कृति, कृषि, तकनीकी और महिला सशक्तिकरण पर आधारित प्रस्तुतियों ने मतदाताओं का ध्यान खींचा।

मतदाता आते ही तिलक और पुष्प वर्षा से सम्मानित किए गए। कुल 779 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बूथ पर पेयजल, पंखे और रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था थी, साथ ही सीसीटीवी और वेबकास्टिंग की सुविधा भी उपलब्ध थी।

बच्चों के लिए अलग खेलने का क्षेत्र और आकर्षक सजावट ने बूथ को फोटो क्लिक का आकर्षक स्थल बना दिया। आज के इस अनुभव ने यह साबित कर दिया कि मतदान केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि संस्कृति और उत्सव का पर्व भी हो सकता है।

## उत्साह से लवरेज दिखे पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाता

**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

मंगलवार कों लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी के लेकर प्रथम युवा मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखा, दरअसल यह अनुभव और इस अधिकार का अवसर उन्हें पहली बार बिहार विधानसभा चुनाव में मिला था, पहली बार मतदान करने आए युवा एवं युवतियों ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मतदान केंद्रों पर सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिलीं। पहली बार वोट डाल रहे युवाओं ने कहा कि उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास और रोजगार जैसे मुद्दों को ध्यान में रखते हुए मतदान किया।।




मतदान केंद्रों पर युवाओं का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था। उन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेकर यह संदेश दिया कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरूक हैं। चुनाव आयोग और प्रशासन द्वारा किए गए विशेष इंतजामों के चलते मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।







## बड़हरा कोठी में 67.37 प्रतिशत मतदान, प्रखण्ड क्षेत्र मे शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ चुनाव

**न्यूज़ स्केल, बड़हरा कोठी**

विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे एवं अंतिम चरण में मंगलवार को बड़हरा कोठी प्रखंड क्षेत्र के मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे प्रखंड में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ, किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

सुबह सात बजे जैसे ही मतदान प्रारंभ हुआ, केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लग गईं। महिलाओं और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मतदाताओं की जागरूकता का आलम यह रहा कि दोपहर दो बजे तक ही 50 प्रतिशत से अधिक मतदान संपन्न हो गया था।

बड़हरा कोठी प्रखंड के कुल 19 पंचायत दो विधानसभा क्षेत्रों



— रूपौली (क्षेत्र संख्या 60) और बनमनखी (क्षेत्र संख्या 59) — में विभाजित हैं।

**रूपौली क्षेत्र में 67.55 प्रतिशत मतदान:**

रूपौली विधानसभा के अंतर्गत प्रखंड के 8 पंचायतों में 66 मतदान केंद्र बनाए गए थे। यहाँ कुल 55,813 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें 29,339 पुरुष और 26,474 महिलाएं शामिल थीं। इनमें से 19,818 पुरुष (67.54%) और 17,886 महिला (67.56%) यानी कुल 37,704 मतदाताओं (67.55%) ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस क्षेत्र से 15 प्रत्याशी मैदान में हैं।

**बनमनखी क्षेत्र में 67.34 प्रतिशत मतदान:**

वहीं, बनमनखी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 11 पंचायतों के 98 मतदान केंद्रों पर 79,254 मतदाता पंजीकृत थे — जिनमें 40,981 पुरुष और 38,273 महिलाएं थीं। इनमें से 27,412 पुरुष (66.88%) और 25,884 महिला (67.62%) मिलाकर कुल 53,296 मतदाताओं (67.34%) ने मतदान किया। यहाँ 5 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

## विधानसभाचुनाव :धमदाहाअनुमंडलकार्यलय के नियंत्रण कक्ष से होती रही सतत निगरानी

**न्यूज़ स्केल धमदाहा/पूर्णिया:**

बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के दौरान मतदान प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए अनुमंडल कार्यालय में विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया था। नियंत्रण कक्ष प्रभारी कुमार रविंद्र नाथ और दिव्या मिश्रा के नेतृत्व में कार्यरत टीम ने प्रत्येक घंटे मतदान प्रतिशत की जानकारी के साथ-साथ क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सतत निगरानी की।

कक्ष में तैनात अन्य कर्मियों ने



भी पूरी सतर्कता के साथ मतदान केंद्रों से प्राप्त सूचनाओं को वरीय अधिकारियों तक तुरंत पहुँचाया। इससे न केवल मतदान की पारदर्शिता सुनिश्चित हुई बल्कि समय पर किसी भी समस्या को रोकने और उसे नियंत्रित करने में भी मदद मिली।

केंद्रीय और राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए इस नियंत्रण कक्ष ने निर्वाचन प्रक्रिया को निर्बाध, सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रुपौली विधानसभा क्षेत्र मतदान को लेकर महिलाओं और युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

**न्यूज़ स्केल रुपौली**

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में रुपौली विधानसभा क्षेत्र के कुल 357 बूथों पर मंगलवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इस बार मतदान में मतदाताओं का उत्साह काफी देखने को मिला। कुल मतदान प्रतिशत इस विधानसभा क्षेत्र में 74.63 प्रतिशत दर्ज किया गया। सुबह मतदान शुरू होने से आधा घंटे पहले ही लोग बूथों पर कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। खासतौर पर महिलाओं की भागीदारी इस बार प्रभावशाली रही, कई केंद्रों पर सुबह से शाम तक लंबी



कतारें बनी रहीं। इसके अलावा पहली बार मतदान करने वाले युवा और बुजुर्ग मतदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रशासनिक व्यवस्था काफी चुस्त-दुरुस्त रही। गश्ती वाहन लगातार अपने कार्य में लगे रहे और मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। रूपौली प्रखंड मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मतदान की निगरानी की गई। मतदान के दौरान किसी तकनीकी खराबी की स्थिति में तुरंत टेक्निकल हैंड कर्मी मतदान केंद्र पर पहुंचकर समस्या का समाधान करते रहे। सभी पोलिंग एजेंट और चुनाव कमियों के सहयोग से मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। प्राप्त सुरक्षा बल की तैनाती और प्रशासनिक तैयारी के कारण मतदाताओं ने निर्भीक होकर लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा लिया।

# अररिया में डीएम और एसपी ने संयुक्त रूप से मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**अररिया,** (हि.स.)।आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनज़र जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्री अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी कुमार ने सोमवार को संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने मतदान केंद्रों की भौतिक स्थिति, मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा मतदाताओं की सुविधा के लिए की गई तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री अनिल कुमार ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, रैम्प, शौचालय तथा छायादार प्रतीक्षालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन, वृद्धजन और महिला मतदाताओं की सुविधा को प्राथमिकता दी जाए, ताकि हर मतदाता निर्भीक और सहज रूप से मतदान कर सके। वहीं, पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी कुमार ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने संवेदनशील और अति-संवेदनशील केंद्रों की विशेष निगरानी के निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने सेक्टर पदाधिकारियों और प्रखंड प्रशासन को समयबद्ध तरीके से निर्वाचन से जुड़ी सभी तैयारियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# भागलपुर में आदर्श मतदान केंद्र का निरीक्षण, मतदान व्यवस्था को लेकर अधिकारियों ने दिए निर्देश



**भागलपुर,** (हि.स.)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदय कांत ने सोमवार को भागलपुर नगर निगम परिसर स्थित आदर्श मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मतदान केंद्र की सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि आदर्श मतदान केंद्र का उद्देश्य मतदाताओं को स्वच्छ, सुविधाजनक और प्रेरणादायक माहौल प्रदान करना है। उन्होंने पीने के पानी, बिजली, शौचालय, रैंप और प्रतीक्षालय जैसी सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं, एसएसपी हृदय कांत ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि मतदान दिवस पर पर्याप्त पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। अधिकारियों ने मतदान कर्मियों से तैयारी की जानकारी ली और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के पालन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की।

# कटिहार एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**कटिहार,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव–2025 के मद्देनज़र जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कटिहार द्वारा सोमवार को रोशना थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों एवं महानंदा चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती और मतदान केंद्रों की समुचित तैयारी का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों को सतर्कता बरतने और संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि मतदान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी स्तरों पर पुख्ता सुरक्षा इंतज़ाम किए गए हैं। उन्होंने क्षेत्र में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील भी की। वहीं, चेक पोस्ट पर वाहनों की जांच व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया और अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि किसी भी परिस्थिति में मतदान प्रक्रिया में कोई व्यवधान न उत्पन्न हो और मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने किया मतदान, कहा बिहार में फिर बनेगी एनडीए सरकार

**भागलपुर,** (हि.स.)।लोकतंत्र के महापर्व पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने अपने परिवार के साथ मतदान किया।



मतदान के बाद उन्होंने कहा कि इस बार बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बड़ी मजबूती के साथ बनेगी। 14 नवंबर को बिहार वासी विजय की दीपावली मनाएंगे।

दिल्ली में हुए हमले की घटना पर भी उन्होंने दुख जताया। अश्विनी चौबे ने कहा यह घटना बेहद दर्दनाक है। जिन परिवारों ने अपनों को खोया है उनके साथ हमारी गहरी संवेदना है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पाकिस्तान की साजिश का हिस्सा हो सकता है और कहा अभी भी समय है पाकिस्तान सुधर जाए नहीं तो हिंदुस्तान बख्शेगा नहीं।

पूर्व मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह इस घटना को लेकर गंभीर हैं। घटना के तुरंत बाद गृह मंत्री अमित शाह घटनास्थल पर पहुंचे और जांच एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अश्विनी चौबे ने जनता से अपील किया कि वे निर्भय होकर मतदान करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

# कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में भिड़ंत, कांग्रेस समर्थकों ने भाजपा प्रत्याशी को खदेड़ा

**अररिया,** (हि.स.)। फारबिसगंज कॉलेज चौक के पास कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में आपस में भिड़ंत हो गई। भाजपा प्रत्याशी के गाड़ी में लगे झंडे पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने आपत्ति व्यक्त की। जिस पर भाजपा प्रत्याशी ने भी कांग्रेस प्रत्याशी के गाड़ी पर लगे झंडे पर आपत्ति व्यक्त की। इसी बात को लेकर सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रत्याशी मनोज विश्वास और किरकिचिया पंचायत





के मुखिया प्रतिनिधि कफिल अंसारी के नेतृत्व में जमा हो गए और दोनों ओर से तू-तू मैं-मैं होने लगा।

भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी अपना अपना मत गिराकर मतदान केंद्रों पर चल रहे मतदान का जायजा लेने के लिए निकले थे और इसी दौरान दोनों प्रत्याशी कॉलेज चौक के पास आमने सामने हो गए और फिर समर्थकों का जमावड़ा होने लगा। दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच भिड़ंत के दौरान ही मौके पर फारबिसगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार साहा पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराया। इस दौरान कांग्रेस के समर्थकों ने भाजपा प्रत्याशी विद्यासागर केशरी को खदेड़ दिया और भाजपा प्रत्याशी अपनी गाड़ी पर बैठकर दूसरे मतदान केंद्रों की ओर निकल पड़े। लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी और उनके समर्थक मौके पर जमे रहे। फारबिसगंज एसडीपीओ ने भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रत्याशियों के एक एक गाड़ी को जब्त किया।

# कटिहार के दिव्यांगजन एवं जनजातीय क्षेत्रों में मतदाताओं का जबरदस्त उत्साह

**कटिहार,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दूसरे चरण में आज कटिहार जिले के दिव्यांगजन एवं जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में मतदाताओं ने बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतंत्र की मिसाल कायम की है। साथ ही युवा एवं महिला मतदाताओं ने भी बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। मतदान को एक महापर्व के रूप में मनाते हुए लोगों ने सुबह से ही मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य पूरा करने में



निरंतर सहयोग कर रहे हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा, "हम सभी जिलावासियों से अनुरोध करते हैं कि जो भी मतदाता अभी तक मतदान नहीं कर पाए हैं, वे अपने संबंधित मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। प्रत्येक मतदाता का वोट ही मजबूत लोकतंत्र की नींव है।"

# युवाओं के साथ महिला, बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं में भी दिखा मतदान का उत्साह

**अररिया,** (हि.स.)। जिले के छह विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को हुए मतदान में न केवल युवा मतदाताओं बल्कि बुजुर्ग मतदाताओं के साथ दिव्यांग मतदाता और आधी आबादी में भी मतदान के प्रति रुझान देखा गया।



बड़ी संख्या में महिलाओं ने कतारबद्ध होकर मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वही लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में सीनियर सिटीजन में भी मतदान को लेकर खासा उत्साह रहा।बड़ी संख्या में बुजुर्ग मतदाता मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

फारबिसगंज विधानसभा के मतदान केंद्र संख्या 154 पर 84 वर्षीया बिमला देवी ने मतदान किया।वहीं फारबिसगंज प्लस टू ली अकादमी हाई स्कूल के मतदान केंद्र संख्या 170 पर 87 वर्षीय दीनानाथ प्रसाद, नंदकिशोर भगत आदि ने भी मतदान कर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने का काम किया। मतदान केन्द्रों पर बुजुर्ग मतदाताओं की असुविधा को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की गई थी।

इसके अलावा चुनावी कार्य में लगे प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में सहयोग करते देखा गया, जो लोकतंत्र की मजबूत तस्वीर पेश करती नजर आई।

# मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह, मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुबह से भीड़



**अररिया,** (हि.स.)। अररिया के छह विधानसभा के 2538 मतदान केंद्रों पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान हो रहा है। मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखा जा रहा है और सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर भीड़ उमड़नी शुरू हो गई।

जिले के छह विधानसभा में कुल 61 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। जिसमें नरपतगंज विधानसभा में 15, रानीगंज सुरक्षित विधानसभा सीट पर 7, फारबिसगंज विधानसभा में 13, अररिया में 10, जोकीहाट में 8 और अररिया में 8 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है।मतदान को लेकर जिले को 295 सेक्टर और 18 सुपर जोन में जिला को बांटा गया है। 18 चेकपोस्ट, 54 एसएसटी और 54 उड़नदस्ता टीम के साथ 66 कंपनी पारा मिलिट्री फोर्स के साथ बीएएसपी, बीएचजी और बिहार पुलिस को शांतिपूर्ण मतदान के लिए लगाया गया है।मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह है और सुबह से मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थी। बड़ी संख्या में महिला मतदाता भी सुबह सुबह कतारबद्ध दिखी।

# प्रथम बार वोट देकर उत्साहित नजर आए युवा वोटर, शिक्षा और विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए किया वोट

**अररिया,** (हि.स.)। अररिया जिला के छह विधानसभा में बड़ी संख्या में प्रथम बार वोट करने वाले युवा वोटर शामिल हुए हैं। पहली बार मतदान करने वाले युवा वोटरों में मतदान को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

बड़ी संख्या में युवा मतदाता अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। पहली बार मतदान करने को लेकर युवा उत्साहित हैं और अच्छी शिक्षा व्यवस्था और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने के आधार पर लोकतंत्र की कड़ी को मजबूत करते हुए अपने पसंद के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया।



फारबिसगंज रामपुर उत्तर पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 136 पर युवा मतदाता मोहम्मद शाहनवाज, ललित कुमार यादव, राजा यादव, छोटू यादव, मोहम्मद रिजवान, आफताब ने जहां पहली बार मतदान किया।वहीं प्लस टू हाई स्कूल ली अकादमी के मतदान केंद्र संख्या 171 पर जुली कुमारी, नैंसी कुमारी, स्तुति कुमारी आदि ने पहली बार मतदान की प्रक्रिया में भाग लिया। वहीं मतदान केंद्र संख्या 170 पर युवा वोटर सोमा कुमारी, जूसी, मेनका, रामानुज, दिलशान आदि ने पहली बार मतदान करने के बाद कहा कि फारबिसगंज में उच्च शिक्षा व्यवस्था को लेकर शिक्षण संस्थाओं का अभाव है। इसके अलावे शहर में टाउन हॉल और इन्फ्रास्ट्रक्चर का भी अभाव है। किसी तरह का कोई सार्वजनिक पार्क और मैदान युवाओं के लिए नहीं है। मैदान जो भी है, उसे अतिक्रमित कर रखा है। विधि व्यवस्था और युवाओं के नशे में बढ़ते प्रकोप चिन्ता करने वाली है।

# भागलपुर में 67.17 प्रतिशत मतदान दर्ज

**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले में दूसरे चरण का मतदान मंगलवार को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। मतदान समाप्ति के बाद भागलपुर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने प्रेस वार्ता कर जिले भर की मतदान स्थिति की जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि इस बार जिले में कुल 67.17 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है, जो पिछली बार की अपेक्षा अधिक है। जिलाधिकारी ने विधानसभा-वार आंकड़े साझा करते हुए बताया कि बिहपुर में 64.65%, गोपालपुर में 68%, पीरपैंती में 70%, कहलगांव में 71.2%, भागलपुर में 55.2%, सुल्तानगंज में 64.7% और नाथनगर में 68.5% मतदान हुआ है।

उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा अभी प्रारंभिक है और अंतिम प्रतिशत थोड़ी देर में स्पष्ट हो जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि पूरे जिले में मतदान प्रक्रिया बिना किसी बड़ी घटना के शांतिपूर्ण ढंग से पूरी की गई। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की टीम लगातार निगरानी में रही, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना नहीं रही।

उन्होंने आगे बताया कि मतगणना के लिए दो केंद्र पॉलिटेक्निक कॉलेज बरारी और महिला आईटीआई — निर्धारित किए गए हैं। जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गणना कार्य संपन्न होगा। जिलाधिकारी ने मतदाताओं और मतदानकर्मियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि भागलपुर ने एक बार फिर लोकतंत्र के उत्सव को सफल बनाया है।

# जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में हुआ संपन्न



**न्यूज़ स्केल सुपौल**

द्वितीय चरण के तहत होने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान सुपौल जिले के सभी 5 विधानसभा क्षेत्रों सुपौल, पिपरा, त्रिवेणीगंज, निर्मली एवं छातापुर में मंगलवार को मतदान का कार्य शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। कहीं से कोई गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। मतदान को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया है। सभी मतदान केन्द्रों पर सशस्त्र पुलिस बल एवं अर्धसैनिक बल की तैनाती की गई थी। वहीं सेक्टर व जोनल पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सावन कुमार खुद मतदान व्यवस्था पर पैनी नजर बनाए हुए थे।

शांतिपूर्ण मतदान को सफल बनाने हेतु जिले में कुल 1880 मतदान केंद्र बनाए गए थे। जहां निर्धारित समय सुबह 07 बजे से ही वोट डालने आए मतदाताओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थी। जिनमें बड़ी संख्या में महिला मतदाता भी शामिल थी। लोकतंत्र के महापर्व को लेकर वोटरों में काफी उत्साह का माहौल देखा गया। पहली बार मतदाता बने युवा वोटरों में काफी उत्साह का माहौल रहा। मतदाताओं ने कहा विकास और रोजगार को लेकर अपने मतों का इस्तेमाल किया है। गौरतलब है कि इस चुनाव में जिले में उम्मीदवारों की कुल संख्या 48 है। सुपौल विधानसभा में 09, निर्मली में 08 पिपरा में 13, त्रिवेणीगंज में 05 एवं छातापुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 13 प्रत्याशी मैदान में हैं। जिनकी किस्मत मतदाताओं ने ईवीएम में कैद कर दिया है। 14 नवंबर को मतगणना के बाद ही इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला हो पाएगा।

**विधानसभा क्षेत्र वार मतों का प्रतिशत-**
----------------
**सुपौल में 70.64 प्रतिशत**
**छातापुर -73.96 प्रतिशत**
**निर्मली - 71.78 प्रतिशत**
**पिपरा - 72.28 प्रतिशत**
**त्रिवेणीगंज - 72.24 प्रतिशत**





## सुपौल एसडीएम ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

बिहार विधानसभा निर्वाचन के अवसर पर मंगलवार को सुपौल विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी इंद्रवीर कुमार के द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण किया गया। मतदान केंद्रों के भ्रमण के साथ-साथ अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। सुपौल उच्च माध्यमिक विद्यालय सुपौल उत्तर भाग मतदान केंद्र पर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा में अपना मतदान किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा सभी मतदाताओं से अपील की गई की सभी मतदाता अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान अवश्य दें। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सुपौल विधानसभा में सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतार विभिन्न मतदान केंद्रों पर पाई गई एवं मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह भी देखा गया। मतदान केंद्रों पर भ्रमण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार अनुभवी के द्वारा विधि व्यवस्था की भी समीक्षा की गई एवं अभी तक सभी जगहों से शांतिपूर्ण मतदान की खबर आने की बात कही गई। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सुपौल की जनता शांतिपूर्ण मतदान में विश्वास रखती है एवं आगे भी किसी भी मतदान केंद्र से अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त होने की संभावना नहीं है। लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी मतदाताओं को बधाई एवं शुभकामना दी गई।




## 100 वर्षीय महिला मतदाता बीबी नजमुन ने किया मतदान, लोकतंत्र के प्रति पेश की मिसाल

**न्यूज़ स्केल सुपौल**



विधानसभा चुनाव में लोकतंत्र का उत्सव अपने चरम पर है। इसी कड़ी में 100 वर्षीय महिला मतदाता बीबी नजमुन ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सबके लिए प्रेरणा की मिसाल पेश की।बीबी नजमुन ने लखीचंद साहू उच्च विद्यालय, बूथ संख्या 288 पर पहुँचकर वोट डाला। उम्र के इस पड़ाव पर भी मतदान को लेकर उनका उत्साह देखने लायक था। मतदान केंद्र पर मौजूद अधिकारियों और कर्मियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर मतदान करवाया।

बीबी नजमुन ने कहा कि "जब तक शरीर साथ देगा, मैं हर चुनाव में वोट डालने जरूर आऊँगी।" उनके इस जोश और समर्पण ने युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक संदेश दिया है कि उम्र चाहे कोई भी हो, लोकतंत्र में भागीदारी निभाना हर नागरिक का कर्तव्य है। जिले में शाम 5 बजे तक कुल 70.69 प्रतिशत मतदान हुआ है।

## मरौना में मतदान शुरू होते ही मतदाताओं में देखा गया खासा उत्साह ज्यादा महिला मतदाता

**न्यूज़ स्केल मरौना**



विधानसभा आम निर्वाचन के तहत दूसरे चरण में सुपौल जिले के मरौना प्रखंड स्थित बेलही पंचायत के सभी बूथों पर बुधवार की सुबह मतदान प्रक्रिया समय पर आरंभ हो गई। मतदान शुरू होते ही मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। सुबह से ही महिला एवं पुरुष मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कतारों में खड़े नजर आए।

बेलही पंचायत के विभिन्न बूथों पर मतदान केंद्रों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मतदाताओं की सुविधा के लिए पीने के पानी, छाया और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी। वहीं, मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

हर बूथ पर पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ दंडाधिकारी भी मुस्तैद नजर आए।

स्थानीय प्रशासन के अनुसार, अब तक मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहा और किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। ग्रामीण मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक अपने मत का प्रयोग किया।

महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। कई जगहों पर महिला मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। कुल मिलाकर, बेलही पंचायत में दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिससे क्षेत्र में लोकतांत्रिक उत्सव का माहौल बना रहा।

## पिपरा विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से हुआ मतदान संपन्न

### 72 . 28 प्रतिशत मतदाताओं ने लिया हिस्सा

**न्यूज़ स्केल पिपरा**





पिपरा विधानसभा क्षेत्र के सभी 364 बूथों पर विधानसभा चुनाव मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदान के निर्धारित समय सुबह 7 बजे से पहले ही मतदाताओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थी। चुनाव में अपने मतों का प्रयोग करने के लिए पुरुष से ज्यादा महिलाओं में उत्साह देखा गया। पिपरा प्रखंड में कुल 171 मतदान केंद्र बनाए गये थे जहां पुरुष मतदाता 73 हजार 6 सो 19 महिला मतदाताओं की संख्या 67 हजार 9 सो 25 थी जबकि अन्य की संख्या 5 थे। चुनाव प्रक्रिया को देख रहे प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार पंडित सहित 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट पुलिस बल के साथ लगातार बूथों का दौरा कर निरीक्षण कर रहे थे। सभी बूथों पर पर्याप्त संख्या में अर्धसैनिक बल तैनात किये गये थे जिस कारण मतदाताओं ने भय मुक्त होकर मतदान किया और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान का कार्य सम्पन्न हुआ। इसके साथ ही पिपरा विधानसभा के सभी 13 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में लॉक हो गया जिसका फैसला अब 14 नवम्बर को मतगणना के दिन होगा। अब तक के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल 72.28% मतदान का अनुमान है। मतदान में पहली बार शामिल हुए युवा मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। मतदान केंद्र संख्या 271 मध्य विद्यालय जोल्हनियां पर पहली बार मतदातान करने पहुंचे सचिन कुमार ने कहा कि पहली बार मतदान करना एक सुखद अनुभूति हैं अपने पसंद की सरकार चुनने का अवसर मिला बहुत खुश हूं। मतदान केंद्र संख्या 154 बनवारी मध्य विद्यालय पश्चिम भाग पर पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाता सोनी कुमारी ने कहा बिहार में नारी शक्ति शसक्त हुई है शिक्षा, रोजगार और नौकरी में महिलाओं की भागीदारी के मुद्दे पर हमने अपना मत दिया।

बूथों पर चुनाव आयोग के निर्देशों का रखा गया ख्याल. विधानसभा के हर बूथ की निगरानी वेब-कास्टिंग के जरिए की जा रही थी। मतदाताओं की सुविधा के लिए बूथों पर मोबाइल रखने के लिए हैंगर की व्यवस्था की गई थी। पोलिंग पार्टी के बूथ पर पहुंचने से लेकर मॉक पोल और वास्तविक मतदान शुरू होने तक की सारी जानकारी ऐप के माध्यम से अपडेट हो रही थी। पिपरा में बीडीओ अमरेन्द्र कुमार पंडित सीओ उमा कुमारी थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा भयमुक्त और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए जिला पुलिस के साथ-साथ सैफ के जवानों को लेकर सभी बूथों पर गश्ति कर रहे थे। वहीं एस एसबी बटालियन भी मोर्चा संभाले हुए थे।

## जिले के सभी 1880 मतदान केंद्रों पर लगी लंबी कतारें

### जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ मतदान



**न्यूज़ स्केल सुपौल**

लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी के लिए मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से ही मतदाताओं की लंबी कतारें लगने लगी थी, लाइन में खड़े होकर लोग अपनी बारी का इंतज़ार कर रहे थे, मालूम हो कि विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में सुपौल जिले में सभी पांचो विधानसभा में मतदान शुरू है। निर्मली, सुपौल, पिपरा, त्रिवेणीगंज और छातापुर विधानसभा में सुबह सात बजे वोटिंग शुरू हो गया है, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए जिले भर के कुल 1880 मतदान केंद्र बनाये गए , जहां जिले के कुल 1539242 मतदाता वोट डालेंगे, मालूम हो कि जिले के सभी पांचो विधानसभा में कुल 48 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है, जिसके भाग्य का फैसला वोट डालकर मतदाता ईवीएम में कैद कर दिया। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के बीच शांतिपूर्ण तरीके से वोटिंग की जा रही थी। सुपौल विधानसभा क्षेत्र के जदयू उम्मीदवार मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव , पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन , डीएम सावन कुमार सहित अन्य ने अपने - अपने मतदान केंद्रों में वोट डालें।युवा और महिला वोटरों में काफी उत्साह का माहौल रहा। लोकतंत्र के महापर्व में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# मोतिहारी में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परिवार संग किया मतदान, मतदाताओं के लिए बनी विशेष व्यवस्था







**मोतिहारी,** (हि.स.)। मोतिहारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 209, महावीर मध्य विद्यालय लूअटहा में आज लोकतंत्र के इस महापर्व में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री [नाम] तथा पुलिस अधीक्षक श्री [नाम] ने अपने परिवार के साथ पहुंचकर मतदान किया। मतदान के बाद दोनों अधिकारियों ने अपनी पारिवारिक सहभागिता को यादगार बनाते हुए मतदान केंद्र परिसर में सेल्फी भी ली। यह मतदान केंद्र 'आदर्श मतदान केंद्र' के रूप में चिह्नित है, जहां मतदाताओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। केंद्र पर साफ-सफाई, पेयजल, छायादार बैठने की व्यवस्था और दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप की व्यवस्था की गई है। विशेष रूप से बच्चों के मनोरंजन के लिए खेल सामग्री और खेलने का एक अलग कोना तैयार किया गया है, जिससे परिवार के साथ आने वाले मतदाता निश्चिंत होकर मतदान कर सकें। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आदर्श मतदान केंद्र की संकल्पना का उद्देश्य मतदाताओं को सुखद अनुभव देना और अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना है। पुलिस अधीक्षक ने भी मतदाताओं से अपील की कि वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

# नवादा में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ मतदान, प्रशासन ने की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था



**नवादा,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत नवादा जिले में मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतज़ाम किए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश और पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव धीमान के नेतृत्व में मतदान के दौरान पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखी गई।

मतदान के दौरान सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में तैनात पुलिस बल लगातार फील्ड में सक्रिय रहे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुरक्षा की कड़ी निगरानी की गई, जबकि संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों पर विशेष चौकसी बरती गई। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। जिला प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक मतदाता भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

प्रशासनिक नियंत्रण और सुरक्षात्मक उपायों के कारण जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। पूरे जिले में मतदान का माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रहा।

# नवादा में कड़ी सुरक्षा के बीच 2169 मतदान केंद्रों पर मतदान सम्पन्न,57.11 प्रतिशत मतदान



**नवादा,**(हि.स.)। नवादा जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। कुल 2,169 मतदान केंद्रों पर 57.11 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के साथ ही प्रत्याशियों का भाग्य अब ईवीएम में बंद हो गया है। परिणाम 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

**वृद्ध मतदाता बनी लोकतंत्र की प्रेरणा** : मतदान के दौरान 105 वर्षीय महिला मतदाता ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिलाधिकारी रवि प्रकाश और पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने उनके साथ तस्वीर खींची और उनके अनुभव साझा किए। वृद्धा ने कहा कि लोकतंत्र में यह उनका सौभाग्य है। जिले में कुल 17,21,806 मतदाताओं में से आधे से अधिक ने मतदान किया। जिलाधिकारी ने जिले के मतदाताओं को शांतिपूर्ण मतदान के लिए धन्यवाद दिया और इसे प्रशासन की बड़ी उपलब्धि बताया। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों — गोविंदपुर और रजौली — में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ, जबकि नवादा, वारसलीगंज और हिसुआ में 6 बजे तक मतदान संपन्न हुआ। जिले के सभी 236 सेक्टरों में सशस्त्र बलों के साथ दंडाधिकारियों की तैनाती रही और बिजली व इंटरनेट की निर्बाध सुविधा उपलब्ध कराई गई।

**प्रशासनिक तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था रही सख्त** : जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी रवि प्रकाश ने बताया कि मतदान कार्य के लिए 9,600 कर्मियों को लगाया गया और 300 वाहनों का उपयोग किया गया। सभी सेक्टर दंडाधिकारियों ने सशस्त्र बलों के साथ मिलकर शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित किया। कुछ केंद्रों पर ईवीएम खराब होने की शिकायत मिली, जिन्हें कुछ ही देर में ठीक कर दिया गया।

**छिटपुट घटनाएं, लेकिन मतदान पर असर नहीं**

वारसलीगंज विधानसभा के माफी और अब्दुलपुर गांव में दो गुटों में झड़प हुई, जिसमें तीन लोग घायल हुए। हालांकि, जिला प्रशासन और सशस्त्र बलों की तत्परता से मतदान प्रक्रिया प्रभावित नहीं हुई। नवादा के कन्हाई लाल साहू महाविद्यालय स्थित स्ट्रांग रूम में सभी ईवीएम सुरक्षित जमा कराए जा रहे हैं। देर रात तक सभी मशीनें जमा कर सील कर दी जाएंगी।

## मानवीय संवेदना: दिव्यांग महिला को मतदान केन्द्र तक पुलिस ने सुरक्षित रूप से पहुंचायी मतदान करने के लिए



**पश्चिम चंपारण (बगहा),** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के तहत मंगलवार को पुलिस जिला बगहा के पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज के निर्देश के आलोक में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा दिव्यांग महिला मतदाता को सहयोगपूर्क मतदान कराने में सहायता प्रदान की गई।

एसपी ने बताया कि पुलिस बल के कर्मियों ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए दिव्यांग महिला को मतदान केन्द्र तक पहुंचाया और सुरक्षित रूप से मतदान करने में मदद की। इस कार्य से बगहा पुलिस द्वारा मतदाता सहायता एवं सुगम मतदान की दिशा में प्रशंसनीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि बगहा पुलिस जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक मतदाता,विशेषकर दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक एवं महिलाओं को निर्भय और सुगमता से मतदान करने का अवसर प्राप्त हो।

## पुलिस ने किया गिरफ्तार, मतदाताओं को प्रभावित करने पहुंचे थे दो व्यक्ति

**बेतिया,** (हि.स.)। पश्चिम चंपारण ज़िला के नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र के सिसई पंचायत स्थित बूथ संख्या 282 के पास मंगलवार को मतदाताओं को धन के माध्यम से प्रभावित करने के आरोप में दो व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार सिसई पंचायत के राजद पंचायत अध्यक्ष तराबुल अंसारी तथा धनहा थाना क्षेत्र के तूनियवा गांव निवासी विक्रम यादव बूथ के समीप मतदाताओं को पैसे देकर एक राजनीतिक दल के पक्ष में मतदान करने का प्रलोभन दे रहे थे। स्थानीय ग्रामीणों ने इस गतिविधि को देखकर दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया और इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान विक्रम यादव से ₹7400 एवं तराबुल अंसारी से ₹2200 नकद बरामद किए गए।

थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में दोनों से यह जानकारी ली जा रही है कि वे किसके निर्देश पर मतदाताओं को प्रभावित करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि यह कार्य आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है और मामले में कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## विधान सभा आम निर्वाचन को लेकर मतगणना दिवस पर निषेधाज्ञा लागू, विजय जुलूस धरना-प्रदर्शन पर रोक




**सहरसा,** (हि.स.)। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 विधान सभा सदस्य का मतगणना दिवस 14 नवम्बर को निर्धारित है। इसके निमित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अधीन मैं दीपेश कुमार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला दण्डाधिकारी शांति व्यवस्था के लिए 14 से 15 नवम्बर तक निषेधाज्ञा लागू रहेगा।

उक्त निमित का उल्लंधन करने वाले व्यक्यिों के विरूद्ध तदनुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त अवधि में किसी भी प्रकार की सभा, विजय जुलूस, धरना या प्रदर्शन तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग वर्जित रहेगा। यह आदेश बारात पार्टी, शव यात्रा, हाट बाजार, अस्पताल ले जा रहे मरीज के साथ जाने वाले व्यक्तियों, विद्यालय एवं महाविद्यालय में जाने वाले छात्र-छात्राओं एवं कर्त्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी व सुरक्षा बलों पर लागू नहीं होगी।

कोई भी व्यक्ति आग्नेयास्त्र, तीर-धनुष, लाठी-भाला, गंडासा एवं मानव शरीर के लिए घातक कोई भी हथियार अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं करेंगे।यह आदेश परम्परागत ढंग से शस्त्र धारण करने वाले समुदाय, विधि व्यवस्था एवं मतगणना कर्तव्य पर लगे दण्डाधिकारी व मतगणना कर्मियों और सुरक्षा कर्मियों पर लागू नहीं होगा।

यह निषेधाज्ञा उन आदेश उन सिख समुदाय पर लागू नहीं होगा, जो धार्मिक कारणों से कृपाण लेकर चलते हैं तथा वैसे नेपाली जो खुखड़ी लेकर चलते है।इस दौरान जुलुस प्रतिबंधित रहेगा तथा कोई भी ऐसा भाषण व प्रदर्शन नहीं करेंगे, तथा ऐसा कार्य संचालित नहीं करेगें जिससे सामाजिक, राजनैतिक एवं जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं को ठेस पहुंचे तथा जिससे विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था में समस्या उत्पन्न हो।सभी मतगणना परिसर के 200 मीटर के दायरे में बिना अनुमति प्रवेश वर्जित रहेगा तथा गैर सरकारी वाहन परिचालन की अनुमति नहीं होगी।

## बेतिया में नांव से गंडक नदी पार कर जान जोखिम में डालकर मतदान करने आते वोटर



**बेतिया,** (हि.स.)। पश्चिम चंपारण जिला के नौतन विधानसभा और नौतन ब्लॉक के भगवानपुर पंचायत के भंगहा वार्ड नंबर 01 के मतदाताओं द्वारा अपना मत देने के लिए जान जोखिम में डालकर विधानसभा का वोट देने के लिए नांव से आते जाते हैं। जहां मतदाताओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। गंडक नदी तट पर मतदाताओं को नांव का इंतजार एक एक घंटे का इंतजार करना पड़ रहा था। उसके बाद भी मतदाताओं में वोट देने का सिलसिला जारी था।और बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे थे।वहीं प्रशासन के लोग भी उपस्थित को देख रहे थे

# बगहा और वाल्मीकिनगर विधानसभा में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ



**पश्चिम चम्पारण(बगहा),** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के दूसरे चरण के चुनाव में बगहा पुलिस जिला अंतर्गत बगहा और वाल्मीकिनगर विधान सभा चुनाव में शांतिपूर्ण चुनाव होने का समाचार मिला है।

पुलिस अधीक्षक बगहा और अनुमंडल पदाधिकारी बगहा द्वारा आज पुलिस जिला बगहा अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज ने जानकरी देते हुए बताया कि निरीक्षण के क्रम में उन्होंने उत्तरप्रदेश एवं नेपाल सीमा क्षेत्र का भी भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराने हेतु सतर्क एवं मुस्तैद रहें।ग्रामीणों के अनुसार वाल्मीकिनगर विधान सभा के गनौली,जरार,बैरिया में शांतिपूर्ण वातावरण में लोगों ने मतदान किया है।जानकारी हो कि उक्त जगह नक्सलवाद से पहले यह प्रभावित था,अब बंदूक के गोली के जगह पर लोग वैलेट से लोकतंत्र को मजबूत कर रहें हैं।

गंडक दियारा में भी शांतिपूर्ण चुनाव होने की खबर है। वहीं बगहा विधानसभा में छत्रौल के बूथ संख्या 191 पर दिन में साढे दस बजे ईवीएम मशीन खराब होने से आधा घंटा तक मतदान बाधित रहा। बगहा नगर के बूथ संख्या 102 और सेमरा के बूथ संख्या 148 पर मतदान करने के लिए महिलाओं की लम्बी कतार दिखाई पडी। जिला प्रशासन के मुताबिक वाल्मीकिनगर विधान सभा में3बजे तक 65.86 प्रतिशत और बगहा विधान सभा में 63.76 प्रतिशत मतदान हुआ है,जो अब तक का सबसे ज्यादा प्रतिशत है।

# साढ़े ग्यारह वर्षों बाद नवादा के दनियाँ रानीगदर बूथ पर मतदाताओं ने उत्साह से डाला वोट



**नवादा,**(हि.स.)। नवादा जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शुमार रहे गोबिंदपुर विधानसभा अंतर्गत कौआकोल प्रखण्ड के अतिसंवेदनशील माने जाने वाले प्राथमिक विद्यालय दनियाँ रानीगदर बूथ नम्बर 404 पर साढ़े ग्यारह वर्षों के लंबे अंतराल के बाद मतदान कार्य सम्पन्न हुए।

मंगलवार को हो रहे वोटिंग के दौरान मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान कर रहे हैं। इसके पूर्व हुए चुनावों में यहां के मतदाताओं का मतदान केंद्र लगभग 50 किलोमीटर दूर उत्क्रमित मध्य विद्यालय पचम्बा में स्थानांतरित कर दिया जाता रहा, जिसके कारण मतदाताओं द्वारा वोट का बहिष्कार कर दिया जाता था। हालांकि बाद में प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद मतदान की प्रक्रिया किसी तरह पूरी कर ली जाती थी। परंतु जिला प्रशासन की साहसिक पहल के बाद इस बार हो रहे विधानसभा चुनाव में दनियाँ रानीगदर विद्यालय स्थित मतदान केंद्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुए वोटिंग में स्थानीय मतदाताओं ने जमकर मतदान किया।

थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि इस मतदान केंद्र पर अर्धसैनिक बलों के साथ -साथ सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए। बता दें कि इसके पूर्व 2014 में 10 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के बदले 13 अप्रैल को एक रणनीति के तहत सुरक्षा कारणों से मतदान कार्य कराए गए थे। परन्तु मतदान कराकर लौट रहे कर्मियों पर अचानक नक्सलियों द्वारा हमला कर दिया गया।

तब सुरक्षाकर्मियों एवं नक्सलियों में काफी देर तक मुठभेड़ हुई। परंतु उस घटना के मतदानकर्मियों एवं सुरक्षाकर्मियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। तब से दनियाँ रानीगदर बूथ पर मतदान नहीं होता था।

# नेपाल ने चीन से की कोरला नाका खोलने पर वार्ता, कैलाश मानसरोवर जाना हो सकता है और आसान



**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल ने चीन से कोरला नाका मार्ग खोलने के संबंध में वार्ता की है। अगर चीन राजी हो जाता है तो कैलाश मानसरोवर की यात्रा करना और आसान हो सकता है। नेपाल के मुस्तांग जिले के कोरला से यात्रा मार्ग शुरू होने से धार्मिक और पर्यटन क्षेत्र को काफी लाभ हो सकता है।

लोकमान्थांग और लोघेकर दामोदरकुण्ड के स्थानीय जनप्रतिनिधियों का एक दल इस प्रस्ताव को लेकर शुक्रवार को चीन के ढोंगवासेन पहुंचा।लोकमान्थांग गांवपालिका अध्यक्ष टी. गुरूंग ने बताया कि गृह मंत्रालय और आव्रजन विभाग के समन्वय में दोनों स्थानीय इकाइयों के 13 जनप्रतिनिधियों ने तिब्बती जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ वार्ता की।

गुरूंग ने कहा कि कोरला नाका खुल जाने से कैलाश मानसरोवर और ल्हासा (तिब्बत) की यात्रा करना आसान हो जाएगा। चीन के बौद्ध धर्मावलंबी भी इसी मार्ग से लुम्बिनी की यात्रा कर सकेंगे। कोरला नाका से कैलाश मानसरोवर की दूरी लगभग 300 किलोमीटर और ल्हासा की दूरी लगभग 1000 किलोमीटर है।

म्याग्दी उद्योग वाणिज्य संघ के अध्यक्ष सुविन श्रेष्ठ के अनुसार, कोरला नाका से होकर कैलाश मानसरोवर की यात्रा बहुत ही छोटी, सस्ती और सुविधाजनक होगी। वर्तमान में भारतीय और नेपाली तीर्थयात्री हुम्ला मार्ग से कैलाश मानसरोवर दर्शन के लिए जाते हैं। मौजूदा भारतीय मार्ग से यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति दो लाख रुपये से अधिक खर्च करना पड़ता है। कोरला मार्ग से आवागमन शुरू होने पर यह यात्रा बहुत कम लागत में संभव हो सकेगी।

कोरला नाका नवंबर 2023 से मुस्तांग वासियों से व्यापार के लिए खोला गया था। पिछले वर्ष आव्रजन कार्यालय भी स्थापित किया गया। इस वर्ष तातोपानी और रसुवा नाका बंद होने के बाद चीन और नेपाल के बीच वस्तु विनिमय अब कोरला नाका के माध्यम से हो रहा है। पोखरा और काठमांडू से हवाई तथा सड़क मार्ग से कोरला नाका तक पहुंचना आसान है।

# चिकित्सकीय उपचार के लिए 'आगमन पर वीजा' पर किया जा सकता है विचार : गोयल



**नई दिल्ली,** (हि.स.) केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका जैसे देशों के मरीजों को चिकित्सकीय उपचार के लिए आगमन पर वीजा (वीजा ऑन अराइवल) की सुविधा देने पर विचार किया जा सकता है।गोयल ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह विचार सीआईआई के वार्षिक स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन में सामने आया। उन्होंने कहा, ''आगमन पर वीजा का विचार अच्छा है। हम इसे आगे बढ़ाएंगे। कई देशों के लिए हम आगमन पर वीजा की अनुमति देते हैं। हम ई-वीजा की अनुमति भी देते हैं। इन दोनों पर विचार किया जा सकता है। अमेरिका के लिए अधिकतर यूरोपीय देशों के लिए वैसे सभी के लिए नहीं अधिकतर देशों के लिए जहां हमें काफी सुविधा है और जहां विस्तृत जांच-पड़ताल या पूछताछ की आवश्यकता नहीं है।''

गोयल ने भारतीय उद्योग परिसंघ को इस विचार पर काम करने और सरकार के साथ साझा करने का सुझाव दिया। वाणिज्य मंत्री ने कहा, ''जाहिर है हमें यह देखना होगा कि क्या प्रमाणन होंगे और वे कौन से देश हैं जिनके लिए हम इसकी अनुमति दे सकते हैं।''

# शेयर बाजार की निचले स्तर से शानदार रिकवरी, लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

## - बाजार की मजबूती के कारण निवेशकों को 76 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा



**नई दिल्ली,** (हि.स.) घरेलू शेयर बाजार सोमवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ। शुरुआती सत्र में बिकवाली के दबाव के बावजूद दिन के दूसरे हिस्से में आई जोरदार लिवाली ने बाजार को मजबूती दी। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 335.97 अंक चढ़कर 83,871.32 अंक और निफ्टी 120.60 अंक बढ़कर 25,694.95 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार भारत-अमेरिका ट्रेड डील की उम्मीद, फेडरल रिजर्व की संभावित ब्याज दर कटौती और कच्चे तेल के दामों में गिरावट ने निवेशकों का मनोबल बढ़ाया। आईटी, डिफेंस, ऑटो, बैंकिंग और मेटल सेक्टर में खरीदारी से बाजार को बल मिला, जबकि रियल्टी और हेल्थकेयर शेयरों पर दबाव बना रहा। आज बीएसई में 4,363 शेयरों का कारोबार हुआ, जिनमें 1,950 बढ़े और 2,234 गिरे। बाजार की मजबूती से निवेशकों की संपत्ति 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक बढ़कर 468.96 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। सेंसेक्स के शीर्ष गेनर्स में इंटरग्लोब एविएशन (3.47%), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (2.51%), महिंद्रा एंड महिंद्रा (2.33%), अदानी पोर्ट्स (2.04%) और एचसीएल टेक (1.91%) शामिल रहे। वहीं, बजाज फाइनेंस (−7.35%), बजाज फिनसर्व (−6.09%) और ओएनजीसी (−0.78%) प्रमुख लूजर्स रहे।

# UTI Infection इन लोगों को करता है सबसे ज्यादा परेशान, जानिए इसके लक्षण और बरतें कौन सी सावधानियां



**नई दिल्ली,** (हि.स.)यूटीआई यानी मूत्र मार्ग संक्रमण एक आम लेकिन गंभीर समस्या है, जो खासतौर पर महिलाओं में अधिक पाई जाती है। इस संक्रमण के दौरान पेशाब करते समय जलन, बार-बार पेशाब आने की इच्छा, पेट के निचले हिस्से में दर्द और तेज़ गंध वाला मूत्र जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। कमजोर इम्यूनिटी, किडनी में पथरी या इंफेक्शन, साफ-सफाई की कमी और डायबिटीज इसके प्रमुख कारण हैं। प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होने पर शरीर बैक्टीरिया से ठीक तरह से लड़ नहीं पाता, वहीं किडनी संबंधी दिक्कतें मूत्रमार्ग को ब्लॉक कर बैक्टीरिया को बढ़ने का मौका देती हैं। अस्वच्छ टॉयलेट का इस्तेमाल या टॉयलेट के बाद गलत सफाई संक्रमण के खतरे को और बढ़ा देती है। डायबिटीज के मरीजों में मूत्र में ग्लूकोज की मात्रा बढ़ने से संक्रमण तेजी से फैलता है। इस समस्या से बचने के लिए पर्याप्त पानी पीना, साफ-सफाई का ध्यान रखना, बहुत देर तक पेशाब रोककर न रखना और सूती कपड़े पहनना जरूरी है। अगर बार-बार यूटीआई हो रही हो, तो डॉक्टर से तुरंत जांच और इलाज कराना चाहिए, क्योंकि लापरवाही से यह संक्रमण किडनी तक फैल सकता है।

# डायबिटीज से बचाव के आसान उपाय : अपनाएं स्वस्थ दिनचर्या और सही खानपान



डायबिटीज से बचने का सबसे असरदार तरीका है हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाना। रोज़ाना कम से कम 30 मिनट व्यायाम करें, जैसे तेज़ चलना या योग। खाने में हरी सब्जियां, ताजे फल, साबुत अनाज और प्रोटीन युक्त भोजन शामिल करें। जंक फूड, मीठे और तले खाद्य पदार्थों से बचें। पर्याप्त नींद लें और तनाव कम रखें, क्योंकि तनाव ब्लड शुगर बढ़ाता है। नियमित रूप से ब्लड शुगर टेस्ट कराते रहें ताकि शुरुआती लक्षणों को समय पर पहचाना जा सके और डायबिटीज का खतरा घटाया जा सके।

# राशिफल : 12 नवंबर, 2025

मेष- कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि व खर्चा बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

मिथुन- बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-5

सिंह- महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

तुला- सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-3-5-7

धनु- स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-4-6-8

कुंभ- दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-5-7

वृष- बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-4-5

कर्क- खान-पान में सावधानी रखें। शत्रुभय, ङ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-4-6-7

कन्या- शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेगें। शुभांक-2-5-7

वृश्चिक- कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

मकर- सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

मीन- अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-2-4-6

# पंचांग : 12 नवंबर, 2025

12 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य तुला में
चंद्र कर्क में
मंगल वृश्चिक में
बुध वृश्चिक में
गुरु कर्क में
शुक्र तुला में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
वृश्चिक 06.35 बजे से
धनु 08.51 बजे से
मकर 10.56 बजे से
कुंभ 12.43 बजे से
मीन 14.16 बजे से
मेष 15.46 बजे से
वृष 17.26 बजे से
मिथुन 19.24 बजे से
कर्क 21.38 बजे से
सिंह 23.54 बजे से
कन्या 02.06 बजे से
तुला 04.17 बजे से
बुधवार 2025 वर्ष का 316वां दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) पक्ष कृष्ण
तिथि अष्टमी 22.59 बजे को समाप्त।
नक्षत्र आश्लेषा 18.36 बजे को समाप्त।
योग शुक्ल(शुक्र) 08.03 बजे को समाप्त। करण बालव 10.58 बजे तदनन्तर कौलव 22.59 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 21.5 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 170 42
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872526
जूलियन दिन 2460991.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना जमादि उल्लावल तारीख 20
विशेष कालभैरव जयंती।



# भूटान को ऊर्जा व अन्य विकास परियोजनाओं के लिए 4 हजार करोड़ रुपये का रियायती ऋण देगा भारत

**थिम्फू,** (हि.स.)। भारत ने भूटान के विश्वसनीय विकास साझेदार के रूप में अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करते हुए मंगलवार को 4 हजार करोड़ रुपये की रियायती ऋण सहायता (लाइन ऑफ क्रेडिट) देने की घोषणा की। यह राशि भूटान में ऊर्जा, बुनियादी ढांचा और सतत विकास से जुड़ी परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने में उपयोग की जाएगी।

थिम्फू में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक के बीच हुई उच्चस्तरीय वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने तथा क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और प्रगति के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने भूटान के नेतृत्व की दूरदर्शी नीतियों की सराहना की, वहीं वांगचुक ने दिल्ली में हालिया विस्फोट में जनहानि पर संवेदना व्यक्त की।

बैठक के दौरान दोनों देशों ने ऊर्जा सहयोग के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 1020 मेगावाट की पनबनसांगचू-द्वितीय जलविद्युत परियोजना का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। यह परियोजना भारत-भूटान सहयोग की एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, जो दोनों देशों के लिए स्वच्छ ऊर्जा और आर्थिक लाभ का नया स्रोत बनेगी। साथ ही, दोनों पक्षों ने पनबनसांगचू-प्रथम (1200 मेगावाट) परियोजना के मुख्य बांध कार्य को पुनः शुरू करने पर सहमति जताई।

प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान भारत ने वाराणसी में भूटानी मंदिर, मठ और अतिथि गृह निर्माण के लिए भूमि आवंटन की भी घोषणा की, जिससे दोनों देशों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे। इसके अलावा, सीमापार व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गेलफू के पार हाटीसर में नया इमिग्रेशन चेक पोस्ट स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

## दोनों देशों के बीच तीन महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी हुए

**नवीकरणीय ऊर्जा सहयोग पर, जिसमें सौर, पवन, बायोमास और हरित हाइड्रोजन क्षेत्रों में संयुक्त कार्य किया जाएगा।**

**स्वास्थ्य और औषधि क्षेत्र में साझेदारी, जिसमें दवाओं, डिजिटल हेल्थ और टेलीमेडिसिन पर सहयोग होगा।**

---------------------

**मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं पर संस्थागत समझौता, जो विशेषज्ञ प्रशिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देगा।**

**भारत-भूटान के इन नए समझौतों से दोनों देशों की पारंपरिक मित्रता को नई दिशा और गहराई मिलने की उम्मीद है।**

---------------------

# दिल्ली विस्फोट के बाद खड़गपुर रेलवे स्टेशन पर बढ़ाई गई सुरक्षा



**खड़गपुर,** (हि.स.)। दिल्ली में हुए धमाके के बाद रेलवे ने देशभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने सोमवार देर रात से ही खड़गपुर जंक्शन समेत प्रमुख स्टेशनों पर सतर्कता बढ़ा दी है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त टीमों ने स्टेशन परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया। सभी प्रवेश द्वारों पर मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं और यात्रियों के सामान की जांच की जा रही है। प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर और पार्सल कार्यालय के आसपास बम निरोधक दस्ते और स्निफर डॉग स्क्वाड तैनात किए गए हैं। रेलवे सूत्रों के अनुसार, पूरे स्टेशन परिसर की गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है। देर रात तक पेट्रोलिंग जारी रही और मंगलवार को भी जांच अभियान पूरे दिन चला। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा को लेकर कोई ढिलाई नहीं बरती जा रही है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की तुरंत सूचना पुलिस को दें। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दक्षिण पूर्व रेलवे हाई अलर्ट पर है और खड़गपुर, टाटानगर व आद्रा जैसे स्टेशनों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। यात्रियों ने भी बढ़ी सुरक्षा व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि अब यात्रा के दौरान वे अधिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

# प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मददगार बनेंगे बुंदेलखंड के सोलर पावर पार्क

## नए साल में बुंदेलखंड की तीन बड़ी सोलर परियोजनाओं का पूरा होगा काम

**झांसी,** (हि.स.)। केंद्र की मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बुंदेलखंड को सौर ऊर्जा उत्पादन का बड़ा केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही हैं। झांसी, ललितपुर और चित्रकूट जिलों में तीन विशाल सोलर पार्कों की स्थापना की जा रही है। इन परियोजनाओं से न केवल प्रदेश की बिजली जरूरतें पूरी होंगी, बल्कि हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिलेगा। इन परियोजनाओं पर टुस्को लिमिटेड कार्य कर रही है, और वर्ष 2026 तक इनके पूर्ण होने की संभावना है।



**तीन जिलों में अधिग्रहण और निर्माण कार्य तेजी पर** : झांसी जिले के गरौठा तहसील क्षेत्र में 600 मेगावाट के अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क के लिए आठ गांवों — सुजानपुरा, जलालपुरा, जसवंतपुरा, नदौरा, बरारु, पुरा, खड़ौरा और मोतीकटरा — की करीब 2700 एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई है। यहां 220/400 केवी ग्रिड सब स्टेशन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। चित्रकूट जिले के मऊ तहसील क्षेत्र में 800 मेगावाट के सोलर पार्क के लिए 15 गांवों की लगभग 3600 एकड़ जमीन लीज पर ली जा रही है। इसी तरह ललितपुर जिले के तालबेहट तहसील में 600 मेगावाट के सोलर पार्क के लिए नौ गांवों की 2700 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है।

**ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम** : टुस्को लिमिटेड के सीईओ मनोज सरदाना ने बताया कि बुंदेलखंड क्षेत्र की तीनों सौर परियोजनाएं उत्तर प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएंगी। उनके अनुसार, इन परियोजनाओं के शुरू होने से प्रदेश को स्वच्छ, किफायती और दीर्घकालिक ऊर्जा स्रोत प्राप्त होंगे। वर्ष 2026 तक झांसी, ललितपुर और चित्रकूट में सौर पार्कों के संचालन से प्रदेश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया जाएगा।

# अस्पताल से डिस्चार्ज हुए धर्मेंद्र,परिवार ने बयान जारी कर



**मुंबई,** (हि.स.)। कई दिनों के इलाज के बाद दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को आखिरकार ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। बुधवार सुबह उन्हें एंबुलेंस के जरिए घर लाया गया, इस दौरान बेटे बॉबी देओल और परिवार के अन्य सदस्य पूरे समय उनके साथ मौजूद रहे। परिवार ने फैसला किया है कि अब धर्मेंद्र का इलाज घर पर ही जारी रहेगा। उनका इलाज कर रहे डॉक्टर ने मीडिया को बताया कि अभिनेता को 12 नवंबर की सुबह करीब साढ़े 7 बजे अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया।

धर्मेंद्र के अस्पताल से डिस्चार्ज होने की खबर जैसे ही सामने आई, उनके चाहने वालों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। देशभर में उनके फैंस ने राहत की सांस ली है। पंजाब के साहनेवाल से ताल्लुक रखने वाले धर्मेंद्र के लिए फगवाड़ा सहित कई जगहों पर मंदिरों और गुरुद्वारों में उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थनाएं की जा रही थीं। अब जब अभिनेता घर लौट आए हैं, तो उनके प्रशंसकों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई है।

**परिवार का बयान**

धर्मेंद्र के परिवार ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा, "धर्मेंद्र को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और उनका आगे का इलाज घर पर जारी रहेगा। हम मीडिया और आम जनता से निवेदन करते हैं कि वे किसी भी तरह की अटकलें या अफवाहें न फैलाएं। कृपया धर्मेंद्र जी और हमारे परिवार की निजता का सम्मान करें। हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए सभी के प्रेम, प्रार्थनाओं और शुभकामनाओं के प्रति आभारी हैं। धर्मेंद्र आप सभी से बहुत प्यार करते हैं, कृपया उनका सम्मान करें।"

# राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत प्रतिनियुक्त पर भेजे गए दिल्ली, सामाजिक न्याय मंत्रालय में बने सचिव

**जयपुर,** (हि.स.)। राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत को केंद्र सरकार ने दिल्ली में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया है। वे एक दिसंबर 2025 को नई जिम्मेदारी संभालेंगे। केंद्र सरकार ने उनकी प्रतिनियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं।



सुधांश पंत राजस्थान कैडर के 1991 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्हें एक जनवरी 2024 को भजनलाल शर्मा सरकार में राज्य का मुख्य सचिव बनाया गया था। उनका कार्यकाल फरवरी 2027 तक था, लेकिन उन्होंने रिटायरमेंट से लगभग 13 महीने पहले ही पद छोड़ दिया।

बताया जा है कि कार्यकाल के बीच में दिल्ली में पोस्टिंग पर भेजे जाने वाले सुधांश पंत राज्य के दूसरे मुख्य सचिव हैं। इससे पहले 2013 में वसुंधरा राजे सरकार के दौरान राजीव महर्षि को मुख्य सचिव रहते हुए केंद्र में पदस्थापित किया गया था। राजीव महर्षि बाद में केंद्र सरकार के गृह सचिव और फिर भारत के महालेखा परीक्षक (कैग) बने थे। राज्य प्रशासन में यह दूसरा मौका है जब किसी मुख्य सचिव ने कार्यकाल से पहले पद छोड़ा है।

सुधांश पंत पहले भी केंद्र सरकार में डेपुटेशन पर रह चुके हैं। वे जल संसाधन मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्य कर चुके हैं। राज्य में लौटने के बाद उन्हें भजनलाल सरकार ने मुख्य सचिव बनाया था।

सुधांश पंत की पहली पोस्टिंग 1993 में जयपुर में एसडीओ के रूप में हुई थी। इसके बाद वे जैसलमेर और झुंझुनूं के कलेक्टर रहे।

उन्होंने जयपुर में डीजी और एसीएस (ट्रेनिंग), जलदाय विभाग के एसीएस और राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन के रूप में भी सेवाएं दी हैं। पिछली गहलोत सरकार में उनका तीन महीने में तीन बार तबादला हुआ।


अब वे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सचिव के रूप में केंद्र सरकार की सामाजिक कल्याण योजनाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों से संबंधित नीतियों पर काम करेंगे।



# भारत व भूटान का संबंध विश्वास, आपसी सहयोग और साझा समृद्धि पर आधारित : मोदी

**थिम्फू,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भूटान की राजधानी थिम्फू में भारत-भूटान साझेदारी को और मजबूत बनाने वाली कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि भारत और भूटान का संबंध विश्वास, आपसी सहयोग और साझा समृद्धि पर आधारित है। थिम्फू के चांगलीमेथांग सेलिब्रेशन ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ऊर्जा, कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक संबंधों से जुड़े कई प्रमुख निर्णयों की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने भूटान की जलविद्युत क्षमता में 40 प्रतिशत वृद्धि करने वाले 1000 मेगावाट से अधिक के नए हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना भूटान की 'सौ प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा' क्षमता को और बढ़ाएगी। मोदी ने बताया कि लंबे समय से रुकी हुई एक अन्य हाइड्रो प्रोजेक्ट पर भी पुनः कार्य शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही भारत और भूटान ने सौर ऊर्जा सहयोग से जुड़े अहम समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री ने कहा, "कनेक्टिविटी अवसर पैदा करती है और अवसर समृद्धि पैदा करता है।" उन्होंने घोषणा की कि भूटान के गेलेफू और समत्से शहरों को भारत के विशाल रेल नेटवर्क से जोड़ने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इसके अलावा भारत भूटान के महत्वाकांक्षी 'गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी' परियोजना के लिए हर संभव सहयोग करेगा। भारत जल्द ही गेलेफू के पास एक नया इमीग्रेशन चेकपॉइंट स्थापित करेगा, जिससे निवेशकों और पर्यटकों को सुविधा मिलेगी। भारत ने भूटान की पंचवर्षीय योजना के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के सहयोग की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सहायता सड़क, कृषि, वित्त और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में उपयोग हो रही है। इसके अलावा, दोनों देशों ने यूपीआई भुगतान सुविधा के विस्तार पर भी सहमति जताई, जिससे भूटान के नागरिक भारत में डिजिटल भुगतान कर सकेंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत-भूटान की साझेदारी की सबसे बड़ी शक्ति दोनों देशों के लोगों के बीच का आत्मिक संबंध है। उन्होंने कहा कि राजगीर में हाल ही में उद्घाटन हुए रॉयल भूटान टेम्पल के बाद भारत सरकार वाराणसी में भूटानी मंदिर और गेस्ट हाउस के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-भूटान की साझेदारी का सबसे बड़ा लाभ युवाओं को मिल रहा है। दोनों देशों के युवा मिलकर शिक्षा, नवाचार, खेल, अंतरिक्ष और संस्कृति के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से भारत-भूटान द्वारा संयुक्त रूप से बनाए जा रहे सैटेलाइट का उल्लेख किया, जिसे दोनों देशों के सहयोग की उपलब्धि का प्रतीक बताया।

# भारत पर लगाए गए आयात शुल्क ज्यादा है, ये कम किए जाएंगे -ट्रंप



**वाशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि भारत पर लगाए गए आयात शुल्क बहुत अधिक हैं और जल्द ही इसमें कटौती की जाएगी। उन्होंने बताया कि ये शुल्क भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने के कारण लगाए गए थे। ट्रंप ने कहा, "भारत ने अब रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है, इसलिए हम आयात शुल्क कम करने जा रहे हैं। किसी सही समय पर यह कदम उठाया जाएगा।"

**संभावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौता** ट्रंप ने बताया कि दोनों देशों के बीच नया व्यापार समझौता जल्द ही होने वाला है, जो पहले किए गए समझौतों से अलग होगा। उन्होंने स्वीकार किया कि रूस से तेल की खरीद के कारण भारत पर लगाए गए प्रतिबंध उन्हें वहां लोकप्रिय नहीं बनाते थे। ट्रंप ने कहा कि जल्द ही दोनों देशों के बीच निष्पक्ष और उचित व्यापार समझौता होगा। उन्होंने भारतीय लोगों की वार्ता क्षमता की प्रशंसा भी की।

**नए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की शपथ** : व्हाइट हाउस में भारत में नए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर को शपथ दिलाई गई। ट्रंप ने गोर को बधाई देते हुए भारत की प्राचीन सभ्यताओं में से एक और रणनीतिक साझीदार बताया।

**गोर की भूमिका और रणनीतिक महत्व** : गोर ट्रंप के करीबी सहयोगी और अनुभवी राजनयिक हैं। उन्होंने शपथ ग्रहण के बाद कहा कि वे दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं। ट्रंप ने कहा कि गोर अमेरिकी उद्योगों और तकनीकी निवेश बढ़ाने, ऊर्जा निर्यात को मजबूत करने और सुरक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। समारोह में उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस, विदेश मंत्री मार्को रूबियो, वित्त मंत्री स्काट बेसेंट सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**» ट्रंप ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच नया और निष्पक्ष व्यापार समझौता जल्द होगा।**

--------------------

**» सर्जियो गोर ने भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में व्हाइट हाउस में शपथ ली।**

--------------------

**» ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए भारत को प्रमुख रणनीतिक साझीदार बताया।**

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि उनके साथ अच्छे संबंध हैं। ट्रंप ने उम्मीद जताई कि गोर इन संबंधों को आर्थिक, रणनीतिक और सुरक्षा स्तर पर आगे बढ़ाएंगे।

## नेपाल की प्रधानमंत्री कार्की ने दिल्ली में विस्फोट पर गहरा दुख व्यक्त किया



**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने भारत की राजधानी नई दिल्ली में सोमवार शाम हुए विस्फोट की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और भारत के प्रति एकजुटता व्यक्त की है।

उन्होंने आज सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा —"कल शाम हुए दुखद दिल्ली विस्फोट से मैं स्तब्ध और मर्माहत हूँ।" प्रधानमंत्री कार्की ने इस घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने भारत के प्रति एकजुटता प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में नेपाल भारत के साथ खड़ा है।

सोमवार को दिल्ली के लाल किला के पास स्थित मेट्रो स्टेशन के नजदीक चल रही एक कार में विस्फोट हुआ था। इस धमाके में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है, जबकि करीब दो दर्जन लोग घायल हुए हैं।

## बुलेटिन बॉक्स

» पाकिस्तानः इस्लामाबाद में अदालत परिसर के बाहर हुए कार बम धमाके में कम से कम 12 लोगों की मौत और कई घायल।

--------------

» मध्य पूर्वः यमन के हौती विद्रोहियों ने लाल सागर में जहाजों और इज़राइल पर हमले रोकने का संकेत दिया।

--------------


» रोमानियाः देश की दक्षिण-पूर्वी सीमा पर रूसी ड्रोन हमले के बाद मलबा मिला, नाटो ने जांच शुरू की।

--------------

» कुवैतः सरकार ने दुनिया का सबसे तेज़ वीज़ा सिस्टम शुरू किया — अब सिर्फ पाँच मिनट में वीज़ा जारी होगा।

--------------

# हंगेरियाई मूल के ब्रितानी लेखक डेविड स्ज़ेले को मिला 'बुकर पुरस्कार'



**लंदन,** (हि.स.)। साहित्य जगत का विश्व प्रसिद्ध 'बुकर पुरस्कार' इस बार हंगेरियाई मूल के ब्रितानी लेखक डेविड स्ज़ेले को उनकी पुस्तक 'फ्लेश" के लिए प्रदान किया गया है। यह पुस्तक हंगरी के मजदूर वर्ग से जुड़े एक व्यक्ति की ब्रिटेन के उच्च वर्ग में शामिल होने के संघर्ष की कहानी है। 51 वर्षीय स्ज़ेले ने ब्रिटेन के एंड्रयू मिलर और भारतीय लेखिका किरण देसाई सहित पाँच अन्य 'फाइनलिस्टों' को हराकर यह प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कार जीता। पुरस्कार विजेता को 50,000 पाउंड (66,000 डालर) की राशि मिलती है और इससे पुस्तक की बिक्री और लोकप्रियता में भी भारी वृद्धि होती है। आयरलैंड के लेखक रॉडी डॉयल और "सेक्स एंड द सिटी" स्टार सारा जेसिका पार्कर सहित निर्णायक मंडल के सभी सदस्यों ने 153 उपन्यासों में से उनकी कृति को चुना । डॉयल ने कहा कि "फ्लेश" — "जीवन और जीवन की विचित्रता के बारे में" एक ऐसी पुस्तक है जिसे पाँच घंटे की बैठक के बाद निर्णायकों की सर्वसम्मति से विजेता चुना गया। स्ज़ेले की किताब में शांत स्वभाव वाले इस्तवान के जीवन का संक्षिप्त और अलंकृत शैली में वर्णन किया गया है, जिसमें किशोरावस्था में एक बड़ी उम्र की महिला के साथ उसके रिश्ते से लेकर ब्रिटेन में एक संघर्षशील अप्रवासी के रूप में उसके सफर का वर्णन शामिल है। स्ज़ेलेका जन्म कनाडा में मांट्रियल में हुआ था। उनके पिता हंगरी से थे जबकि माता कनाडा से थी। वह लंदन में पले बढ़े जबकि वर्तमान समय में वह विएना में रह रहे हैं

# नेपाल—भारत सीमा सुरक्षा बैठक में शामिल होने नेपाली प्रतिनिधिमंडल दिल्ली रवाना



**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल सशस्त्र प्रहरी बल के महानिरीक्षक राजु अर्याल मंगलवार को भारत के लिए रवाना हुए, जहां वे नेपाल—भारत सीमा सुरक्षा बलों के बीच होने वाली नौवीं समन्वय बैठक में हिस्सा लेंगे।सशस्त्र प्रहरी बल के प्रवक्ता शैलेन्द्र थापा के अनुसार 12—13 नवम्बर को यह बैठक राजधानी नई दिल्ली में सशस्त्र प्रहरी बल, नेपाल और भारत की समकक्ष संस्था सशस्त्र सीमा बल के बीच होगी। महानिरीक्षक अर्याल के साथ इस दौरे में सीमा सुरक्षा विभाग प्रमुख एपीएफ के एआईजी गणेश बहादुर ठाडा मगर, डीआईजी दिपक रेग्मी, इंटेलिजेंस विभाग के निर्देशक राम प्रसाद दास, सशस्त्र प्रहरी के एसएसपी किरण बस्नेत, गृह मन्त्रालय के उपसचिव रविन्द्र आचार्य, विदेश मन्त्रालय के उपसचिव विजयराज तन्डुकार, तथा सशस्त्र प्रहरी डीएसपी सुरज पौडेल भी रवाना हुए हैं।थापा के अनुसार इस बैठक में सीमा अपराध नियंत्रण, मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम, अवैध व्यापार नियंत्रण, सूचना आदान—प्रदान तथा सीमा सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए आपसी समन्वय और सहयोग जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी। नेपाल—भारत के बीच नियमित रूप से होने वाली ये समन्वय बैठकें दोनों देशों की सीमा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा सुदृढ़ीकरण, पारस्परिक समझ और सहयोग को मजबूत बनाने में सहायक मानी जाती हैं।

# पाकिस्तान में आत्मघाती विस्फोट में 12 लोग मरे



**।इस्लामाबाद,** (हि.स.)। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद स्थित न्यायिक परिसर के पास मंगलवार को हुए एक आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा व्यक्ति घायल हो गए।खबरों के मुताबिक यह शक्तिशाली विस्फोट स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12:30 बजे न्यायिक परिसर के पास खड़े एक वाहन में हुआ। विस्फोट के कारण वाहन में आग लग गई, जिसने आस-पास की अन्य कारों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि विस्फोट में वकीलों सहित 12 लोग घायल हुए हैं।

इस बीच पुलिस ने बताया कि विस्फोट के समय अदालत परिसर में काफी भीड़ थी, जिसमें कई अन्य लोगों के घायल होने की खबर है। सभी घायलों को आपातकालीन चिकित्सा के लिए पीआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

विस्फोट के बाद, पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। घटना की जांच की जा रही है।




# तगड़ा झटका ! रॉस अडायर बाहर, आयरलैंड की टीम में बदलाव

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। आयरलैंड और बांग्लादेश के बीच होने वाली टी20 सीरीज शुरू होने से पहले ही आयरलैंड की टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के ओपनर बल्लेबाज रॉस अडायर घुटने की हड्डी में खिंचाव के कारण बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। रॉस अडायर की जगह जॉर्डन नील को आयरलैंड की टीम में शामिल किया गया है।

**रॉस अडायर की चोट ने बढ़ाई परेशानी** : रॉस अडायर इस समय अच्छी लय में थे। उन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 58 गेंदों में यादगार शतक बनाया था। इस साल उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 48 रन और इंग्लैंड के खिलाफ 26 और 33 रन बनाए थे। चोट के कारण उनका बाहर होना आयरलैंड के लिए चिंता का विषय बन गया है। हालांकि उम्मीद है कि वे टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले पूरी तरह वापसी कर सकते हैं।

**सेलेक्टर की प्रतिक्रिया**
आयरलैंड के नेशनल सेलेक्टर एंड्रयू व्हाइट ने कहा कि रॉस को बांग्लादेश दौरे से ठीक पहले खोना बेहद खराब है। उन्होंने कहाः
"रॉस ने 2025 में टी20 इंटरनेशनल में अच्छा प्रदर्शन किया है और हम उनके प्रदर्शन को देखने के लिए उत्सुक थे। अगले साल टी20 विश्व कप की तैयारी के दौरान हम कुछ नए संयोजनों पर भी विचार करेंगे। जॉर्डन नील टीम का हिस्सा बने रहेंगे और हमारे पास टॉप ऑर्डर में अच्छे विकल्प मौजूद हैं।"

**टी20 सीरीज का शेड्यूल**
आयरलैंड और बांग्लादेश के बीच पहले टी20 मैच की तारीख 27 नवंबर है, जो चटगांव के मैदान पर खेला जाएगा।
**दूसरा टी20 मैच : 29 नवंबर, चटगांव।** : तीसरा और आखिरी टी20 मैचः 2 दिसंबर, ढाका के शेर-ए बांग्ला क्रिकेट स्टेडियम में। सीरीज के दौरान रॉस अडायर की गैर-मौजूदगी आयरलैंड के लिए चुनौती साबित हो सकती है, जबकि जॉर्डन नील पर टॉप ऑर्डर में भरोसा जताया जा रहा है।

# दिल्ली में धमाके के बाद अरुण जेटली स्टेडियम के आसपास सुरक्षा बढ़ाई जाएगी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। दिल्लीः राजधानी दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार शाम करीब 7 बजे एक Hyundai i20 कार में भीषण धमाका हुआ। धमाके के समय आसपास काफी भीड़ थी। धमाके के बाद तुरंत दिल्ली पुलिस ने पूरे शहर को हाई अलर्ट पर रखा। घटना में कई लोगों की मौत हुई और आसपास के कई वाहन जलकर खाक हो गए। धमाके की तीव्रता इतनी थी कि कार के पीछे चल रहे एक ऑटो के परखच्चे उड़ गए। सौभाग्य से ऑटो का ड्राइवर



सुरक्षित रहा।

**कार के मालिक को हिरासत में लिया गया** : दिल्ली पुलिस ने विस्फोट में इस्तेमाल कार के मालिक मोहम्मद सलमान को हरियाणा के गुरुग्राम से हिरासत में लिया है। अधिकारी के अनुसार, सलमान ने अपनी कार ओखला के एक व्यक्ति देवेंद्र को बेची थी। बाद में गाड़ी अंबाला में किसी और को बेच दी गई। पुलिस अब सभी संबंधित व्यक्तियों का पता लगा रही है।
पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विस्फोट एक चलती Hyundai i20 कार में हुआ, जिसमें तीन लोग बैठे थे। उन्होंने कहा, “घायलों के शरीर में कोई छर्रा या छेद नहीं मिला है, जो इस प्रकार के बम विस्फोट में असामान्य है। हम सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं।”
स्थितिः दिल्ली पुलिस ने पूरे शहर में अलर्ट जारी किया हुआ है और अरुण जेटली स्टेडियम सहित संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**रणजी ट्रॉफी मैच में सुरक्षा कड़ी** : विस्फोट के समय दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी का मुकाबला दिल्ली और जम्मू-कश्मीर टीमों के बीच चल रहा था। स्टेडियम लाल किला से कुछ ही किलोमीटर दूर स्थित है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के सचिव अशोक शर्मा ने ‘PTI’ को बताया कि मैच के अंतिम दिन स्टेडियम और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी जाएगी। उन्होंने कहा, “मैं दिल्ली पुलिस अधिकारियों से संपर्क करूंगा और स्टेडियम परिसर के बाहर अतिरिक्त सुरक्षा तैनात करने का अनुरोध करूंगा।”

# मैनचेस्टर यूनाइटेड के स्ट्राइकर सेस्को चोटिल, स्लोवेनिया के अहम वर्ल्ड कप क्वालीफायर मुकाबलों से बाहर

**मैनचेस्टर**, हि.स.) स्लोवेनिया को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार फॉरवर्ड और मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ी बेंजामिन सेस्को घुटने की चोट के कारण आगामी फीफा वर्ल्ड कप क्वालीफायर मुकाबलों से बाहर हो गए हैं।
सेस्को शनिवार को प्रीमियर लीग में टॉटनहैम हॉटस्पर के खिलाफ खेले गए मैच में 88वें मिनट में चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए थे। हालांकि क्लब ने कहा है कि यह चोट गंभीर नहीं है, लेकिन खिलाड़ी को कैरींगटन ट्रेनिंग कॉम्प्लेक्स में निगरानी में रखा जाएगा और इस सप्ताह उनका



मूल्यांकन जारी रहेगा।
स्लोवेनिया को विश्व कप क्वालीफिकेशन की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए शनिवार को कोसोवो के खिलाफ जीत और 18 नवंबर को स्वीडन के खिलाफ कम से कम ड्रॉ की जरूरत है। वर्तमान में स्लोवेनिया ग्रुप बी में तीन अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। स्विट्जरलैंड (10 अंक) शीर्ष पर है, जबकि कोसोवो (7 अंक) दूसरे स्थान पर है। स्वीडन के पास केवल एक अंक है।

# एटलेटिको मैड्रिड पर अमेरिकी मालिकाना हक़ जल्द तय, एएससी बनेगा बहुसंख्यक शेयरधारक

**मैड्रिड,** (हि.स.)। स्पेन के फुटबॉल दिग्गज एटलेटिको मैड्रिड अब अमेरिकी निवेशक अपोलो स्पोर्ट्स कैपिटल (एएससी) के अधीन आने वाले हैं। क्लब ने सोमवार को घोषणा की कि अगले साल की शुरुआत में एएससी बहुसंख्यक शेयरधारक बन जाएगा। सौदे की वित्तीय जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। समझौते के तहत मौजूदा मुख्य कार्यकारी अधिकारी मिगेल एंजेल गिल मारिन और अध्यक्ष एनरिक सेरेज़ो अपने पदों पर बने रहेंगे ताकि क्लब की दृष्टि और नेतृत्व में निरंतरता बनी रहे। क्लब ने स्पष्ट किया कि यह सौदा मल्टी-क्लब स्वामित्व रणनीति का हिस्सा नहीं है। एएससी ने कहा कि उनका



निवेश एटलेटिको की स्थिति को विश्व फुटबॉल के शीर्ष क्लबों में और मजबूत करेगा और क्लब की दीर्घकालिक सफलता को बल देगा। इसके तहत वे क्लब की वित्तीय मजबूती, खेल प्रतिस्पर्धा और सामुदायिक प्रभाव बढ़ाने में सहयोग करेंगे। 2011 से डिएगो सिमियोने के कोचिंग कार्यकाल में क्लब ला लिगा में चौथे स्थान पर है। एटलेटिको ने अब तक 11 स्पेनिश लीग खिताब जीते हैं, आखिरी बार 2020-21 में। टीम ने 2014 और 2016 में चैंपियंस लीग फाइनल खेला, लेकिन रियल मैड्रिड से हार का सामना किया।
एएससी के पोर्टफोलियो मैनेजर रॉब गिवोन ने क्लब को “यूरोप की महान खेल संस्थाओं में से एक” बताया और भविष्य में सहयोग की प्रतिबद्धता जताई।


# ओंस जाबूर ने गर्भावस्था की घोषणा की, टेनिस से लिया लंबा ब्रेक

ट्यूनिशिया की टेनिस स्टार और पूर्व विश्व नंबर 2 खिलाड़ी ओंस जाबूर ने सोमवार को यह घोषणा की कि वह अपने पहले बच्चे की मां बनने वाली हैं। इसके साथ ही उन्होंने पेशेवर टेनिस से कुछ समय के लिए लंबा ब्रेक लेने का फैसला किया है।
31 वर्षीय जाबूर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, “मैंने खुद को रिफ्रेश और रिचार्ज करने के लिए थोड़ा ब्रेक लिया था... और अब लगता है, हमने अब तक की सबसे प्यारी वापसी की योजना बना ली है।” उन्होंने बताया कि वह अप्रैल में एक बेटे को जन्म देंगी और फिलहाल परिवार व मातृत्व पर ध्यान देंगी।
जाबूर, जिन्हें उनके प्रशंसक "मिनिस्टर ऑफ हैप्पीनेस" कहते हैं, विश्व रैंकिंग में



79वें स्थान पर हैं। वह तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट रह चुकी हैं और अपने करियर में पांच डब्ल्यूटीए सिंगल्स खिताब जीत चुकी हैं। हाल के वर्षों में उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य और डिप्रेशन पर खुलकर चर्चा की है, और लगातार चलने वाले टूर और व्यस्त कार्यक्रम के कारण उन्हें मानसिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा।
उनकी गर्भावस्था की घोषणा ऐसे समय में आई है जब टेनिस जगत में खिलाड़ियों के व्यस्त शेड्यूल और शारीरिक-मानसिक दबाव पर चर्चा बढ़ रही है।
उनके प्रशंसक और साथी खिलाड़ी उन्हें इस नई जिंदगी की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं। ओंस जाबूर ने वादा किया है कि मातृत्व के इस नए अध्याय के बाद वह टेनिस कोर्ट पर “सबसे प्यारी वापसी” करेंगी।

# एटीपी फाइनल्स : जैनिक सिनर ने जीत के साथ की अभियान की शुरुआत



**ट्यूरिन,** (हि.स.)। एटीपी फाइनल्स में इटली के स्टार जैनिक सिनर ने अपने खिताब बचाव अभियान की शानदार शुरुआत की। उन्होंने सोमवार को ट्यूरिन के इनालपी एरेना में कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिम को 7-5, 6-1 से हराकर पहला मैच जीत लिया।
यह मुकाबला अगस्त के बाद उनकी चौथी भिड़ंत थी। पहले सेट में सिनर ने निर्णायक ब्रेक लेकर 7-5 से जीत दर्ज की, जबकि दूसरे सेट में 3-0 की बढ़त बनाते हुए फेलिक्स की पिंडली की चोट के बीच 6-1 से जीत हासिल की।
इस जीत के साथ सिनर की इंडोर हार्ड कोर्ट पर लगातार जीतों की लकीर 27 मैचों तक पहुंच गई। वह अब वर्ष के अंत में विश्व नंबर 1 बनने की दौड़ में कार्लोस अल्कराज के साथ हैं। सिनर ने कहा कि पहला मैच जीतना महत्वपूर्ण था और फेलिक्स की चोट की जल्द ठीक होने की उम्मीद है।
घरेलू दर्शकों के सामने सिनर ने बेहतरीन ड्रॉप शॉट्स और आक्रामक खेल दिखाया, और जीत के साथ पूरा स्टेडियम उनकी प्रशंसा में खड़ा हो गया।